हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 1 अक्टूबर , 2025
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री



10 राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी, एफआईआर की मांग पर अड़े कांग्रेसी


न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 05/10/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

पिछले दिनों की बारिश और शिवनाथ नदी में अचानक जलाशयों से पानी छोड़ने का नतीजा

# शिवनाथ नदी किनारे के 22 गांव की सब्जी बाड़ियों में भरा पानी, फसल तबाह

हरिभूमि न्यूज ⏩भिलाई

पिछले दिनों की झमाझम बारिश और शिवनाथ नदी में अचानक जलाशयों से पानी छोड़े जाने से नदी किनारे के 22 गांवों की सब्जी-बाड़ियां डूब गई हैं। इन गावों के बाड़ियों में लगी सब्जी-भाजी तबाह हो गई है। किसान पानी उतरने का इंतजार कर रहे हैं। यही नहीं धान की फसल भी पानी में डूब गई है। शिवनाथ नदी में 26 सितंबर से अब तक 67120 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था।





### इन गावों के सब्जी-बाड़ी व खेत पानी में डूबे

किसानों के मुताबिक झेंझरी, अरसनारा, समोदा, करंजा भिलाई, समोदा, सहगांव, भोथली, बेलोदी, मालूद, पीपरछेड़ी,गनियारी, आलबरस, ढ़ाबा, झोला, तिरगा, सिलोदा, विनायकपुर, महमरा, भरदा, रूदा, खांडा, चंगोरी, भटगांव, पीसेगांव, डांडेसरा, सगनी, ननकट्ठी, सिल्ली, पथरिया, डोमा, बसनी सहित आसपास के कई गांव के खेत पानी से डूब गए हैं।

### इन मामलों से समझिए फसल की तबाही

**केस वन :** सब्जी उत्पादक किसान विजय देशमुख ने 20 एकड़ में लौकी और खीरा की फसल ली है। इस किसान की पूरी बाड़ी में शिवनाथ नदी का पानी भर गया है। वे बताते हैं कि बाड़ियों में पानी कमर तक भर गई है। इसलिए निकासी तक की व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं। हाल यह है कि लौकी की फसल तक ऊपर से दिखाई नहीं दे रहा।

**केस दो :** युवराज देशमुख ने 4 एकड़ में सब्जी की फसल ली है। इस किसान ने पूरे एरिया में टमाटर की फसल ली है। वे बताते हैं कि टमाटर की पौध अब तैयार होने वाली थी लेकिन बारिश और नदी का पानी बाड़ी में भर गया है। जिसकी वजह से टमाटर की पूरी फसल बर्बाद होने के कगार पर है। हर दिन बारिश हो रही है इसकी वजह से कोई उपाय भी नहीं कर पा रहे।

**केस तीन:** नारायण सिंह ने 3 एकड़ में मिर्ची और लौकी की फसल लगाई है। इस किसान की बाड़ी पानी में डूब गया है। वे बताते हैं कि मिर्ची की फसल इस बार अच्छी तैयार हो गई थी लेकिन अचानक बारिश ने सब कुछ तबाह कर दिया। लौकी भी लगाई थी। भाजी भी इस एरिया में काफी किसानों के यहां निकलती है। पानी भरने की वजह से सड़ने लगा है।

**केस चार:** तीरथ की खेती शिवनाथ नदी किनारे हैं। धान की फसल लगाई है। वे बताते हैं कि धान में बालियां आ गई है। शिवनाथ नदी का पानी पूरे खेतों में भर गया है। बालियां पानी में डूब रही है। आसपास के कई किसानों के खेतों में धान की फसल डूबी हुई है। हाल यह है कि खेत में जा नहीं सकते। इसलिए पानी निकासी के उपाय भी फेल हो रहे हैं।

**पानी उतरने के बाद सर्वे करवाएंगे :** लगातार बारिश होने की वजह से बाड़ियों में पानी भरा हुआ है। अभी तक किसी किसान की शिकायत हमारे तक नहीं पहुंची है। लेकिन जैसे ही पानी उतरेगा वैसे ही संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों से सर्वे करवाएंगे। जिन किसानों का बीमा है उन्हे फसल क्षति की रकम दावा करने पर मिलेगी। - **नारायण सिंह लाउत्रे,** जिला उद्यानिकी अधिकारी

### शिवनाथ नदी में ये चार बैराज से आता है पानी

शिवनाथ नदी में राजनांदगांव, मोहला-मानपुर जिले के जलाशयों से पानी आता है। मोंगरा जलाशय, घूमरिया बैराज, सूखा नाला और खातूटोला में जैसे ही जलभराव अधिक होता है वैसे ही शिवनाथ नदी में अचानक पानी छोड़ दिया जाता है। जिसकी वजह से नदी किनारे के गांवों की फसल प्रभावित होती है।

### ज्यादातर किसानों का फसल बीमा नहीं

शिवनाथ नदी किनारे के सैकड़ों किसानों की सब्जी-बाड़ी है। इनमें से छोटे किसान जिनकी जमीन एक एकड़ से लेकर 3 एकड़ तक है। ऐसे ज्यादातर किसानों ने फसल बीमा नहीं करवाया है। हालांकि प्राकृतिक आपदा के तहत आरबीसी-6-4 के तहत मुआवजा का प्रावधान है लेकिन इसके लिए राज्य से निर्देश मिलने पर ही राजस्व विभाग सर्वे कर आंकलन करता है।

### जलाशयों से ज्यादा होने पर छोड़ते हैं पानी

शिवनाथ नदी में जलाशयों का पानी ज्यादा होने पर अचानक छोड़ा जाता है। वर्तमान में शिवनाथ नदी का महमरा एनीकट पिछले पांच दिनों से ऊफान पर है। अब जलस्तर कम होने लगा है। बारिश की वजह से नदी किनारे के कुछ गांवों में पानी जमा होने की जानकारी मिली है। जल्द ही स्थिति सामान्य हो जाएगी।
- **डीएन शुक्ला,** एसडीओ जलसंसाधन विभाग

## खुर्सीपार वार्ड 51 में फिर मिले डायरिया के चार नए मरीज



हरिभूमि न्यूज ⏩भिलाई

▪ स्वास्थ्य विभाग ने मौत की वजह दीगर बीमारी को बताया

खुर्सीपार वार्ड 51 राजेंद्र प्रसाद नगर में मंगलवार को डायरिया के चार नए मरीज मिले हैं। इनमें से दो मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित मरीजों में आशु साहू पिता दुर्गेश साहू 17 साल है। इसे चार बार दस्त हुआ। वैष्णवी गुप्ता पिता योगेश गुप्ता 15 साल को दो बार उल्टी और एक बार दस्त की शिकायत आई। चमेली बाई पति भगवानी सिन्हा उम्र 69 साल को उल्टी-दस्त व शरीर में पानी की कमी की वजह से लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में दाखिल करवाया गया है। संगीता सांडे पति राजेश सांडे 23 साल को यूपीएचसी खुर्सीपार में भर्ती करवाया गया है। उसे तीन दिन से दवाई दी जा रही थी लेकिन स्थिति में सुधार नहीं आया।


### मौत की वजह अलग डायरिया नहीं

लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल के प्रभारी डॉ. पियम सिंह ने बताया कि राजेन्द्र प्रसाद नगर में तीन लोगों की मौत की वजह डायरिया नही हैं। अलग-अलग रोगग्रसित ये मृतक रहे हैं। हार्ट, अलकोहलिक जैसी समस्याओं की वजह मौत की रही है। प्रभावित क्षेत्र में 290 घरों का सर्वेक्षण स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया है। पर्यवेक्षक, एमपीडब्ल्यू, एएनएम और मितानिन घर-घर जाकर सर्वेक्षण कर रहे हैं। स्वास्थ्य शिक्षा भी दी जा रही है।

### 26 स्थानों की पानी जांच रिपोर्ट सही

भिलाई निगम द्वारा राजेन्द्र प्रसाद नगर वार्ड 51 से 26 स्थानों के पानी सेंपल जांच के लिए लिए गए थे। इसकी रिपोर्ट में ये सभी जगह पानी पीने योग्य कहा गया है। जिसमें शीतला मंदिर पावर पंप का पानी ,ललितराम जोशी,रोहणी बाई, जेठू, पायल, शिवबती बाई, सती साहू, ललिता वर्मा, मणीराम भारती, शिवकुमारी दुकान के सामने हेंडपंप , सीतराम, अमरू रजक,सुमन साहू, बालकदास, हैंडपंप क्रमांक 51/26 , बीबीसी कालोनी के पीछे पंप हाउस, हेडपंप क्रमांक 28/28 और खुर्सीपार पानी टंकी सप्लाई का पानी शामिल है।

### नवरात्रि विशेष



### नवमीः सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कंडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्री की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-
सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

## पांच करोड़ के डोनेशन का झांसा देकर 20.50 लाख की ठगी, बिहार से आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩भिलाई

एनजीओ को कॉपोरेट डोनेशन दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने बिहार से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि पद्मनाभपुर निवासी कृष्णकांत शर्मा ने एनजीओ को 5 करोड़ रुपए का कॉर्पोरेट डोनेशन दिलाने के झांसे में आकर आशा पड़री, जिला बक्सर (बिहार) निवासी संतोष तिवारी को 20.50 लाख रुपए दिया। इसके एवज में आरोपी 5 करोड़ रुपए डोनेशन दिलाने का झांसा दिया था। शिकायत के बाद पुलिस खोजबीन करने में जुटी रही। मंगलवार को



टेक्निकल इंटेलिजेंस की मदद से आरोपी संतोष का लोकेशन ट्रेस कर बक्सर जिला बिहार से गिरफ्तार किया गया। पीड़ित ने इंदौर स्थित एनजीओ को डोनेशन दिलाने के नाम पर संतोष तिवारी ने संपर्क किया। आरोपी ने कॉर्पोरेट कंपनी से 5 करोड़ रुपए का डोनेशन दिलवाने का दावा किया। इसके एवज में पीड़ित ने उसने यूपीआई ट्रांजेक्शन के जरिए से 20.50 लाख रुपए ट्रांसफर किया था। पैसे लेने के बाद एनजीओ को न तो डोनेशन दिलाया गया और न ही रकम वापस की गई। जब पीड़ित ने संपर्क करने की कोशिश की तो आरोपी संतोष का मोबाइल बंद कर फरार हो गया। परेशान पीड़ित ने घटना की शिकायत पर पुलिस खोजबीन शुरु किया। आरोपी दिल्ली बिहार में फरारी काट रहा था। कार्रवाई में भिलाई तीन थाना प्रभारी अंबर सिंह भरतद्वाज समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### दिल्ली से मिला क्लू

खोजबीन पर पुलिस को आरोपी संतोष के बारे में दिल्ली वाले एड्रेस पर दबिश दिया जहां से आरोपी फरार हो गया। इसके बाद दुर्ग पुलिस ने तकनीकी सुरागों का पीछा कर संतोष तिवारी के गांव पहुंच गई। पकड़कर उससे पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी समाज सेवा और एनजीओ को निशाना बना रहा था। कई एनजीओ को बड़ी-बड़ी कंपनियों से डोनेशन दिलाने के नाम पर भरोसे में लेता था। वह खुद को कॉर्पोरेट कंपनियों से जुड़ा बताता और करोड़ों का फंड दिलाने का झांसा देकर मोटी रकम वसूल लेता था।

## ओटीपी आया और खाते से उड़ गए 1.97 लाख

**भिलाई।** बैंक खाते से अज्ञात ने रुपए पार कर दिया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 318 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि प्लॉट नं 29 वार्ड नंबर 60 नेहरू नगर निवासी अजय मित्रा ने का कोटेक महनद्रिा बैक में सेविंग खाता है। 10 सितंबर को वाटसअप पर क्रेडिट कार्ड देने का मैसेज आया। जिसे स्वीकार करने के बाद अज्ञात मोबाईल नंबर से फोन आया कि कोटेक महिन्द्रा बैंक का अधिकारी बनकर क्रेडिट कार्ड का लिमिट बढाने का झांसा देकर दो बार ओटीपी मोबाइल पर भेजा। उसके बाद पीड़ित के खाते से कुल 1 लाख 97 हजार 912 रुपए पार हो गया। पुलिस अज्ञात मोबाइल धारक की तलाश में जुटी हुई है।

## कुर्की से बचने निगम खाते में जमा कराए 13 लाख

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत निवासरत भवन/भूमि स्वामियों द्वारा लम्बे समय से अपने बकाया संपत्तिकर की राशि निगम कोष में जमा नहीं कर रहे थे। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 175 के अधीन कुर्की की कार्यवाही करने सभी जोन सहायक राजस्व अधिकारियों का टीम गठित किया गया है। निगम के सभी जोन कार्यालय से कुर्की टीम बकायेदारों के घरों में जा रहे है। कुर्की की कार्यवाही के पूर्व ही बकायादारों द्वारा कुर्की से बचने हेतु निगम कोष में 13 लाख 35 हजार 547 रूपये जमा किए हैं। जिन बकायेदारों द्वारा बकाया संपत्तिकर की राशि जमा नहीं किया जा रहा है, उनकी भवन/भूमि की कुर्की कार्यवाही कर राशि वसूल की जाएगी।

RUNGTA INSTITUTE OF PHARMACEUTICAL SCIENCES
BHILAI - CHHATTISGARH Call : 9229344435
APPOINTMENTS
Rungta Institute of Pharmaceutical Sciences under the aegis of Sanjay Rungta Group of Institutions invites applications for the following posts :
PRINCIPAL / PROF. / ASSO. PROF. / ASST. PROF.
in the discipline of • D. PHARMA • B. PHARMA • M. PHARMA
Qualification, Experience and Pay Scales as per PCI & CSVTU, Bhilai, norms. Interested and Eligible candidates may send their resume along with relevant testimonials & passport size photograph within 15 days of this advertisement to : hrd@rungtacolleges.com
RUNGTA EDUCATIONAL CAMPUS, KOHKA-KURUD, BHILAI Director

RSR RUNGTA COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
BHILAI - CHHATTISGARH Call : 9229344435
APPOINTMENTS
RSR Rungta College of Engineering & Technology under the aegis of Sanjay Rungta Group of Institutions invites applications for the following posts :
PRINCIPAL / PROF. / ASSO. PROF. / ASST. PROF.
in the discipline of
• COMPUTER SCIENCE ENGINEERING • ELECTRICAL ENGINEERING • MECHANICAL ENGINEERING • CIVIL ENGINEERING • ET&T • MANAGEMENT • PHYSICS • CHEMISTRY • MATHS • MCA
Qualification, Experience and Pay Scales as per AICTE, New Delhi & CSVTU, Bhilai norms. Interested and Eligible candidates may send their resume along with relevant testimonials & passport size photograph within 15 days of this advertisement to : hrd@rungtacolleges.com
RUNGTA EDUCATIONAL CAMPUS, KOHKA-KURUD, BHILAI Director

देश के 100 स्मार्ट शहरों के आंकड़ों का उपयोग, रायपुर जैसे पांच बड़े शहरों की भी जानकारी जुटाई

## आईआईटी भिलाई ने तैयार किया रायपुर का डेवलपमेंट प्लान, पांच बड़े शहरों के सर्वे के आधार पर तैयार की रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏩भिलाई

आईआईटी भिलाई की टीम ने प्रोफेसर अनिंदिता घोष और प्रोफेसर जोस इम्मानुएल के नेतृत्व में रायपुर शहर के विकास को लेकर एक बड़ा डेवलपमेंट प्लान तैयार किया है। इसके लिए शहर का मूल्यांकन किया गया। क्षेत्रफल, आबादी, भौगोलिक स्थिति से लेकर अन्य जरूरी विषयों का परीक्षण किया। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत यह समीक्षा की गई। बता दें कि देश में 100 स्मार्ट शहर तैयार किए जाने हैं। इसमें रायपुर को भी शामिल किया गया है। इसके अंतर्गत आईआईटी भिलाई ने रायपुर का सर्वे किया। आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देश पर यह कार्य किया गया। बता दें कि पूरे देश में करीब 100 शहरों का आकलन किया जाना है। आईआईटी की टीम ने रायपुर में शहरी गतिशीलता और स्मार्ट अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में की गई प्रगति की जांच की। इस अध्ययन में रायपुर की उपलब्धियों के साथ-साथ उन क्षेत्रों की भी पहचान की गई, जहां सुधार की आवश्यकता है। इसके लिए आईआईटी भिलाई की टीम ने 100 स्मार्ट शहरों के आंकड़ों का उपयोग किया। साथ ही पांच शहरों रायपुर, औरंगाबाद, गुवाहाटी, जम्मू और ईटानगर का भी दौरा कर वहां की जानकारी जुटाई।



### अफसरों, यात्रियों, स्थानीय निवासियों से लिया गया फीडबैक

टीम ने वास्तविक स्थिति का अध्ययन किया। उन्होंने एथनोग्राफिक दृष्टिकोण अपनाया, जिसका मतलब है कि उन्होंने लोगों के साथ सीधे बातचीत की। उन्हें करीब से जाना। प्रोफेसर अनिंदिता घोष और प्रोफेसर जोस इम्मानुएल के मार्गदर्शन में टीम ने परियोजना स्थलों का निरीक्षण किया। शहर अधिकारियों, दैनिक यात्रियों और स्थानीय निवासियों से बातचीत की। इस अध्ययन का उद्देश्य यह समझना था कि पब्लिक ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर और ट्रैफिक मैनेजमेंट जैसी परियोजनाओं के लागू होने से पहले और बाद में क्या बदलाव आए हैं।

### नई तकनीकों के उपयोग से ट्रैफिक सिस्टम से सुधार

रिपोर्ट में कहा गया है कि पब्लिक ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर में बेहतर समन्वय और इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की मजबूत निगरानी से ट्रैफिक बेहतर हुआ है। हादसों पर तेज प्रतिक्रिया मिली है। लोगों के लिए पहुंच आसान हुई है। ये सुधार यात्रा के तनाव को कम कर सकते हैं। कई इलाकों में ज्यादा लोगों को सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। रिपोर्ट सामान्य समस्याओं की भी चर्चा की गई है।

### एक-दूसरे के साथ काम करने वाला सिस्टम तैयार करने सुझाव

आईआईटी की टीम ने क्षेत्र में देखे गए अनुभवों के आधार पर स्पष्ट और व्यावहारिक सुझाव दिए हैं।प्रदर्शन को मापने के लिए मानकीकृत तरीके अपनाया। संचालन और रखरखाव के लिए विशेष फंड, आईसीसीसी कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण, खुले और एक-दूसरे के साथ काम करने वाले सिस्टम बनाना और समुदाय को अधिक शामिल किया गया है। आईआईटी के प्रोफेसरों ने कहा कि यह कदम पूरे भारत के स्मार्ट शहरों में अब तक हुई प्रगति को बनाए रखने और बढ़ाने के लिए बनाए गए हैं। इसका दीर्घकालीन लाभ देखने को मिलेगा।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

### कोतवाली थाना दुर्ग में प्रदर्शन के बाद थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

# राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी एफआईआर की मांग पर अड़े कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ⏩दुर्ग



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी देने पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में सिटी कोतवाली पहुंचकर थाना प्रभारी से मुलाकात की। भाजपा प्रवक्ता पिंटू महादेवन पर एफआईआर की मांग की। केरल के भाजपा के प्रवक्ता पिंटू महादेवन द्वारा खुलेआम और जघन्य तरीके से राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी दी, जिसके बाद पूरे देश कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ताओं में बहुत ही आक्रोश है। इस दौरान पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व मेयर धीरज बाकलीवाल, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद थे। वोरा ने कहा राहुल गांधी न केवल कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेता हैं, बल्कि वे आज देश की लोकतांत्रिक चेतना और करोड़ों आम लोगों की उम्मीदों की आवाज़ हैं। धीरज बाकलीवाल ने कहा कि पुलिस को इस संवेदनशील मामले में एफआईआर करना ही होगा, अन्यथा हम कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इस अवसर पर आरएन वर्मा, अल्ताफ अहमद, संजय कोहले, अय्यूब खान, राजकुमार पाली, राजकुमार साहू, संदीप वोरा मौजूद थे।

## गरबा में अश्लीलता रोकने सौंपा ज्ञापन



**दुर्ग।** विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी द्वारा पुलिस अधीक्षक दुर्ग को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि वैशालीनगर क्षेत्र के लोकांगन में दुर्गा स्थापना स्थल के पास अश्लील गीतों पर नृत्य कर धार्मिक माहौल को दूषित किया जा रहा है। इस अवसर पर विभाग संयोजिका शशि बंचोर, रश्मि वर्मा, अंकिता तिवारी, गायत्री राजपूत, अश्वनी साहू सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि दुर्गा महोत्सव आस्था का पर्व है।

# इंदिरा मार्केट में पार्किंग के होंगे विशेष इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏩दुर्ग



इस बार के त्योहारी बाजार के लिए इंदिरा मार्केट में पार्किंग के विशेष इंतजाम रहेंगे। चेंबर ऑफ कामर्स का प्रतिनिधि इस विषय को लेकर महापौर अल्का बाघमार से मिला। इस दौरान अध्यक्ष अनूप गटागट ने इंदिरा मार्केट की व्यवस्था को लेकर महापौर को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बाजार में पार्किंग के इंतजाम नहीं है, जिन जगहों से अतिक्रमण हटाया गया है। वहां दोपहिया वाहनों को खड़े कराया जाए। वहीं चार पहिया वाहनों के लिए पुराना बस स्टैंड सहित अन्य रिक्त जगहों पर पार्किंग के इंतजाम किए जाएं। ताकि लोग मार्केट में खरीदारी करने के लिए पहुंच सकें। महापौर ने इस विषय को गंभीरता से लेकर विशेष इंतजाम किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि अस्थाई पटाखा दुकान बाजार में नहीं लगने दिया जाएगा। इस पर निगम अमला विशेष निगरानी रखेगा। अनूप गटागट ने कहा की दीपावली का त्यौहार सभी छोटे, बड़े व्यापारी का सभी के व्यवसाय का समय सभी को व्यवसाय करने का पूर्ण अवसर मिले। इसके अलावा ठेले और पसरा वालों की दुकानों के लिए भी विशेष इंतजाम हों। इस पर महापौर ने जेआरडी स्कूल मैदान में पटाखा दुकानों के पास रिक्त जगह पर उन्हें शिफ्ट किए जाने की जानकारी दी। बैठक में प्रहलाद रूंगटा, अशोक राठी, दिनेश टावरी, जवाहर जैन, सुदीप अग्रवाल, बहादुर अली, विनय खंडेलवाल, अरुण दुग्गड़, मनोज अग्रवाल, आदित्य चंद्राकर, विपुल साहू, उदयशंकर त्रिपाठी, आशीष जैन, महिला विंग अध्यक्ष डॉ. मानसी गुलाटी, महामंत्री नीतू श्रीवास्तव, इंदिरा मार्केट सचिव बबलू चावला आदि मौजूद थे।

## अजय तिवारी बने स्टेट क्रिकेट संघ के सचिव



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के चुनाव में दुर्ग जिला को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। यहां से अजय तिवारी चुनाव में निर्विरोध संयुक्त सचिव निर्वाचित हुए है। तिवारी इसके पूर्व संघ में बोर्ड मेंबर थे। उन्होंने दुर्ग में क्रिकेट खिलाड़ियों को बढ़ावा व प्रोत्साहन देने उल्लेखनीय कार्य किए है। उनके संयुक्त सचिव निर्वाचित होने पर उनसे खिलाड़ियो और खेल प्रेमियों की अब ज्यादा उम्मीद बढ़ गई है। नवनिर्वाचित संयुक्त सचिव अजय तिवारी ने अपना पदभार भी संभाल लिया है।

## नवरात्रि के नौवें दिन की माता

# नवरात्रि की नवमी पर मां सिद्धिदात्री की पूजा से मिलती हैं अष्टादश सिद्धियां

नवरात्रि के नौवें और अंतिम दिन की साधना मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री को समर्पित होती है। शास्त्रों में इनका वर्णन 'सिद्धियों की दात्री' के रूप में किया गया है। मां सिद्धिदात्री की कृपा से भक्त को अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व सहित सभी सिद्धियां प्राप्त हो सकती हैं।

देवीपुराण के अनुसार भगवान शिव ने भी इनकी आराधना कर सिद्धियों की प्राप्ति की थी और इसी कारण वे अर्द्धनारीश्वर रूप में विख्यात हुए। माना जाता है कि नवमी के दिन श्रद्धापूर्वक मां सिद्धिदात्री की पूजा करने से भक्त की लौकिक इच्छाओं की पूर्ति होती है, वह संसारिक दुखों से मुक्त होकर मोक्ष के मार्ग पर अग्रसर होता है।



मार्कण्डेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लधिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व- ये आठ सिद्धियां होती हैं। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है।

मां सिद्धिदात्री भक्तों और साधकों को ये सभी सिद्धियां प्रदान करने में समर्थ हैं। देवीपुराण के अनुसार भगवान शिव ने इनकी कृपा से ही इन सिद्धियों को प्राप्त किया था। इनकी अनुकम्पा से ही भगवान शिव का आधा शरीर देवी का हुआ था। इसी कारण वे लोक में 'अर्द्धनारीश्वर' नाम से प्रसिद्ध हुए।

मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली हैं। इनका वाहन सिंह है। ये कमल पुष्प पर भी आसीन होती हैं। इनकी दाहिनी तरफ के नीचे वाले हाथ में कमलपुष्प है। प्रत्येक मनुष्य का यह कर्तव्य है कि वह मां सिद्धिदात्री की कृपा प्राप्त करने का निरंतर प्रयत्न करें। उनकी आराधना की ओर अग्रसर हो। इनकी कृपा से अनंत दुख रूप संसार से निर्लिप्त रहकर सारे सुखों का भोग करता हुआ वह मोक्ष को प्राप्त कर सकता है।

नवदुर्गाओं में मां सिद्धिदात्री अंतिम हैं। अन्य आठ दुर्गाओं की पूजा उपासना शास्त्रीय विधि-विधान के अनुसार करते हुए भक्त दुर्गा पूजा के नौवें दिन इनकी उपासना में प्रवत्त होते हैं। इन सिद्धिदात्री मां की उपासना पूर्ण कर लेने के बाद भक्तों और साधकों की लौकिक, पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाओं की पूर्ति हो जाती है।

सिद्धिदात्री मां के कृपापात्र भक्त के भीतर कोई ऐसी कामना शेष बचती ही नहीं है, जिसे वह पूर्ण करना चाहे। वह सभी सांसारिक इच्छाओं, आवश्यकताओं और स्पृहाओं से ऊपर उठकर मानसिक रूप से मां भगवती के दिव्य लोकों में विचरण करता हुआ उनके कृपा-रस-पीयूष का निरंतर पान करता हुआ, विषय-भोग-शून्य हो जाता है। मां भगवती का परम सान्निध्य ही उसका सर्वस्व हो जाता है। इस परम पद को पाने के बाद उसे अन्य किसी भी वस्तु की आवश्यकता नहीं रह जाती।

मां के चरणों का यह सान्निध्य प्राप्त करने के लिए हमें निरंतर नियमनिष्ठ रहकर उनकी उपासना करनी चाहिए। मां भगवती का स्मरण, ध्यान, पूजन, हमें इस संसार की असारता का बोध कराते हुए वास्तविक परम शांतिदायक अमृत पद की ओर ले जाने वाला है।

इनकी आराधना से जातक को अणिमा, लधिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, महिमा, ईशित्व, सर्वकामावसायिता, दूर श्रवण, परकामा प्रवेश, वाकसिद्ध, अमरत्व भावना सिद्धि आदि समस्त सिद्धियों नव निधियों की प्राप्ति होती है। आज के युग में इतना कठिन तप तो कोई नहीं कर सकता लेकिन अपनी शक्तिनुसार जप, तप, पूजा-अर्चना कर कुछ तो मां की कृपा का पात्र बनता ही है। प्रत्येक सर्वसाधारण के लिए आराधना योग्य यह श्लोक सरल और स्पष्ट है। मां जगदम्बे की भक्ति पाने के लिए इसे कंठस्थ कर नवरात्रि में नवमी के दिन इसका जाप करना चाहिए।

**या देवी सर्वभूतेषु मां सिद्धिदात्री रूपेण संस्थिता।**
**नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:।।**

हे मां! सर्वत्र विराजमान और मां सिद्धिदात्री के रूप में प्रसिद्ध अम्बे, आपको मेरा बार-बार प्रणाम है। या मैं आपको बारंबार प्रणाम करता हूँ। हे मां, मुझे अपनी कृपा का पात्र बनाओ।












## खबर संक्षेप



### सफाई अभियान में जुटे ग्रामीण, किया जागरूक

**उतई।** स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत नगर पंचायत उतई द्वारा मिनीमाता चौक से लेकर बाजार चौक तक साफ सफाई की गई। नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन कर मिनीमाता चौक से लेकर बाजार चौक उतई तक नगर पंचायत के समस्त सफाई कर्मचारियों एवं जन प्रतिनिधि द्वारा एक घंटा श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया।

### नगर पंचायत उतई में किया पौधरोपण



**उतई।** नगर साहू समाज उतई के युवा संयोजक नगर पंचायत उतई के नेता प्रतिपक्ष द्वारिका साहू के जन्म दिन पर शुक्रवार की सुबह रेस्ट हाउस उतई में पौधा रोपण किया गया। उसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतई में मरीजों को फल का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष जवाहर वर्मा, ग्राम पंचायत सेलूद में सरपंच खिलेश बबलू मारकंडे, उपसरपंच राकेश साहू डब्बू, अजय सिंह राजपूत, बल्लू राय, अनुविभागीय पत्रकार संघ पाटन के अध्यक्ष किसन हिरवानी, सुरेन्द्र शर्मा, बलराम यादव, रोमशंकर यादव, मुकेश साहू आदि उपस्थित थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

**अंडा।** अंडा-निकुम मंडल के ग्राम पंचायत अंडा के बूथ 65 में मन की बात सुनी गई। जिसमें प्रमुख रूप से मन की बात के मंडल संयोजक अजीत चंद्राकर, बूथ अध्यक्ष यशवंत बंजारे बूथ अध्यक्ष 63 तिलक चंद्राकर, बूथ अध्यक्ष 64 अजय चौहान, पंच हेमेंद चौहान, गोपाल साहु गाँव के वरिष्ठ दाऊ राधेश्याम चंद्राकर, आत्मा निषाद, निलेश साहु और शांति साहु सहित बूथ के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### उच्च अधिकारियों और दुर्ग कलेक्टर को सौंपा जाएगा ज्ञापन

# निकुम समिति के सदस्यों का फूटा गुस्सा अध्यक्ष को हटाने के लिए प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

**धान विवाद का पटाक्षेप नही, भूसा बेचने का मामला भी तूल पकड़ रहा**



दुर्ग जिले के सेवा सहकारी समिति मर्यादित निकुम पंजीयन नंबर 692 के प्राधिकृत अध्यक्ष और भाजपा नेता भैया लाल साहू के विरुद्ध किसानों का गुस्सा फूट पड़ा है बताया जा रहा है कि यहां किसानों ने भैयालाल साहू को उक्त पद से हटाने को प्रस्ताव पारित कर दिया गया है। 3464 कट्टे धान का भी विवाद अब तक पटाक्षेप नहीं हो पाया है वहीं अब भूसा बेचने को लेकर विवाद छिड़ गया है। मामले में प्राधिकृत अध्यक्ष पर भूसा खरीदने बेचने को लेकर 7 लाख रुपए का नुकसान पहुंचाने का जिक्र किया जा रहा है। वहीं वर्ष 2024-25 में धान स्टेक लगाने के लिए भूसा खरीदी किया गया था जो 5 रुपए प्रति किलो के हिसाब से खरीदा गया था जिसे 2 रुपए प्रति किलो के हिसाब से बेचने की भी बात कही जा रही है।

वहीं समिति के चौकीदार का मानदेय 22500 भी निकाल कर रख लिए हैं तो उसका भुगतान नहीं किया जा रहा है। ग्राम भोथली के 6 हमाल का धान खरीदी के समय का आज दिनांक तक कोई भी राशि नहीं दिया गया है इस तरह से मनमानी प्राधिकृत अध्यक्ष भैया लाल साहू के द्वारा किए जाने का आरोप लग रहा है। समिति में खाद होते हुए भी अध्यक्ष व कर्मचारियों के द्वारा किसानों को घुमाया गया और जरूरी खाद समिति के गोदाम में 16 बोरा डीएपी खाद उपलब्ध था जिसे गांव के पंचराम धनकर, बाबूलाल एवं अन्य किसानो ने जब हल्ला गुल्ला किया तब उपलब्ध कराया गया।

इन सब मामले को लेकर गांव के किसान और समिति के सदस्यों ने प्राधिकृत अध्यक्ष के खिलाफ हल्ला बोल दिया है। तत्काल प्रभाव से बैठक उपस्थित सदस्यों ने मांग की है कि अध्यक्ष भैया लाल साहू को पद मुक्त किया जाए। मामले में उपरोक्त प्रस्ताव जब पारित किया जा रहा था तो अध्यक्ष भैया लाल साहू भी मौजूद थे उन्होंने इस मामले पर अपनी सहमति ही नहीं दी। प्राधिकृत अध्यक्ष भैया लाल साहू से मामले पर जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि समिति जीरो शॉर्टेज में है किसी प्रकार का भ्रष्टाचार नहीं हुआ है। भूसा हटाने का आदेश ऊपर से आया था जब शिव महापुराण की कथा होने वाली थी। वही 3464 कट्टे धान गायब होने वाले प्रकरण का जांच हो चुका है अधिकारियों ने जांच किया है सब सही पाया गया है। सारे मामले बेबुनियाद है सभी मामलों का निराकरण हो गया है मामले को जबरदस्ती राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। शिकायत करने वालों में सरपंच भागवत राम पटेल, पूर्व समिति अध्यक्ष माधव प्रसाद देशमुख, हिंछा राम साहू, सूरज देशमुख, पुनारद लाल साहू, रमेश साहू, देवी साहू उत्तम धनकर छगन साहू, कल्याण देशमुख, नंन्द कुमार साहू, योगेश साहू, गुलाब साहू, सहित अनेक किसान शामिल है।

**दोषी के ऊपर कार्रवाई जरूर होना चाहिए**



“ समिति में खाद होते हुए भी अध्यक्ष व कर्मचारियों के द्वारा किसानों को घुमाया गया और जरूरी खाद समिति के गोदाम में 16 बोरा डीएपी खाद उपलब्ध था, इसलिए दोषी के ऊपर कार्यवाही जरूर होना चाहिए।

गुलाब साहू, किसान सदस्य

**उच्च अधिकारियों और दुर्ग कलेक्टर करेंगे शिकायत**

“ प्राधिकृत अध्यक्ष और भाजपा नेता भैया लाल साहू के विरुद्ध किसानों का गुस्सा फूट पड़ा है बताया जा रहा है कि यहां किसानों ने भैयालाल साहू को उक्त पद से हटाने को प्रस्ताव पारित किया हैं, इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों और दुर्ग कलेक्टर के पास ज्ञापन सौंपा जायेगा।

भागवत राम पटेल, ग्राम पंचायत निकुम सरपंच

### महाविद्यालय में मनाया 10वां आयुर्वेद दिवस

**अंडा।** राजीव लोचन आयुर्वेद महाविद्यालय चंदखुरी दुर्ग में 10वां आयुर्वेद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सुबह धन्वंतरि पूजन, योगा एवं मेडिटेशन सत्र हुए। आयुर्वेद आहार स्पर्धा तथा पोस्टर स्पर्धा, विभिन्न आयुर्वेद विषय पर क्विज का भी आयोजन हुआ। छात्र-छात्राओं ने आयुर्वेद संदर्भित जानकारी दी गई। प्राध्यापकों ने अपने चिकित्सकीय अनुभव साझा किये। प्रबंधन समिति की अध्यक्ष प्रभा साहु तथा प्राचार्या डॉ. वंदना फटिंग ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरित किये। प्राचार्या ने अपने संबोधन में आयुर्वेद में रिसर्च की आवश्यकता तथा आयुर्वेद के समग्र दृष्टिकोण पर अपने विचार रखे। प्रबंधन समिति की अध्यक्ष प्रभा साहु ने आयुर्वेद को जन जन तक पहुंचाने हेतु प्रयास करने तथा महाविद्यालय के छात्रों को विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## भारी बारिश में जलभराव से जूझ रहा पीसेगांव का सरकारी स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



दुर्ग जिले के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ग्राम पीसेगांव में बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या ने विद्यार्थियों और शिक्षकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। विद्यालय के आंगन और बाथरूम में पानी भर जाने से न सिर्फ गंदगी फैल रही है बल्कि बच्चों और शिक्षकों में असुरक्षा का माहौल भी बना हुआ है। गंदे पानी में सांप, बिच्छू और अन्य जहरीले कीड़े-मकोड़ों का खतरा हमेशा बना रहता है। इस वजह से छात्र-छात्राएं भय के माहौल में पढ़ाई करने को मजबूर है। ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या हर साल बरसात में सामने आती है, लेकिन अब तक सरपंच या पंचायत की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अभिभावकों का आरोप है कि जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों खतरे में हैं। लोगों ने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से शीघ्र ही जल निकासी की स्थायी व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि विद्यार्थी सुरक्षित वातावरण में पढ़ाई कर सके। इस विषय पर ग्राम पंचायत पिसेंगांव के सरपंच द्रोपती देशमुख से जानकारी लिये तो बताये कि स्कूल स्टाफ से पंचायत में आवेदन जमा किये है इसमें अभी पंचायत द्वारा जीरा गिट्टी बिछाया जाएगा।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** ओम ज्वेलर्स के संचालक ने तीज पर्व एवं गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी है। शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### कांती ज्वेलर्स में प्रत्येक ग्राहक को उपहार मिलेगा




**भिलाई।** सिरसा रोड चांदनी चौक भिलाई में संचालित कांती ज्वेलर्स में ग्राहकों के लिए नवरात्रि एवं दिपावली के शुभ अवसर पर उपहारों की बरसात एवं दिवाली धमाका ऑफर दिया जा रहा है। कांती ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि खुशियों के रंग कांती ज्वेलर्स के संग के तर्ज पर ग्राहकों के लिए कई प्रकार के आकर्षक उपहारों का ऑफर दिया जा रहा है। कांती ज्वेलर्स 17 वर्षों से ग्राहकों की सेवा में लगा हुआ है। 22 सितंबर से 25 हजार की खरीदी पर लक्की ड्रा कूपन दिया जा रहा है। कूपन का ड्रा 1 जनवरी 2026 को खोला जाएगा जिसमें विशेष आकर्षक उपहार ग्राहकों को दिया जाएगा। कांती ज्वेलर्स की स्वर्ण एवं चांदी संचय योजना के तहत 1 हजार, 2 हजार, 5 हजार के 12 माह के आसान किस्तों में उपलब्ध है। जमा करने से 1 माह छूट मिलेगा। दिवाली धमाका ऑफर 25 एवं 26 सितंबर को है। कांती ज्वेलर्स में डायमंड, सोना, चांदी के आकर्षक डिजाइन के गहने उपलब्ध है साथ ही राशि रत्न भी उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए कांती ज्वेलर्स दुकान में संपर्क किया जा सकता है।

### प्रदेश में पासपोर्ट के डॉक्टर विशेषज्ञ : श्रीकांत जैन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ मे पासपोर्ट के लिए नंबर वन, के नाम से पहचाने जाने वाले श्रीकांत जैन को अब पासपोर्ट के डॉक्टर के नाम से भी जाना पहचाना जाता है। नए पासपोर्ट और पासपोर्ट से संबंधित किसी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए श्रीकांत जैन से संपर्क कर सकते हैं। विशेष कारण हो तो तत्काल पासपोर्ट सिर्फ 2 से 10 दिनों पर और नार्मल पासपोर्ट 30 से 35 दिनों पर प्राप्त हो जाता है। हमारे पासपोर्ट के 12,000 से ज्यादा और 99.99 प्रतिशत संतुष्ट ग्राहक है । भारत सरकार विदेश मंत्रालय द्वारा अधिकृत भूतपूर्व पासपोर्ट एजेंट प्रतिनिधि, श्रीकांत जैन ने बताया कि पासपोर्ट, एयर टिकट, पैकेज टूर्स आदि के काम और सुविधाओ के लिए, आप हमारे सड़क 20 स्मृति नगर भिलाई स्थित ऑफिस मोदीकेयर डीपी स्टोर पर संपर्क कर सकते है। हमारी अन्य कोई और दूसरी शाखा नहीं है, हमारी संस्था पर एयर टिकट, होटल बुकिंग और थाईलैंड (बैंकाक पटाया), सिंगापुर, मलेसिया, मारीशस, दुबई, यूरोप आदि के पैकेज टूर्स विशेष उपहार के साथ उपलब्ध है। बातचीत के दौरान श्रीकांत जैन ने बताया कि पासपोर्ट ट्रेवल के साथ मोदीकेयर बिज़नेस भी कर रहे है, हम अपने साथ टीम वर्क के लिए बिज़नेस पार्टनर की तलाश कर रहे है अगर आप किसी प्रकार की अतिरिक्त आय इनकम के बारे पर सोच रहे है तो आप हमसे एक बार मिलकर व्यसायिक अवसर के बारे में जानकारी अवश्य लें।

### भगवान भक्त अहंकार से परे सरल परोपकारी व सदमार्गी होते हैं : पं शर्मा



**जामगांव आर।** गातापार में आयोजितश्री शिव महापुराण कथा के अंतिम दिवस महाआरती और भंडारा का भक्तों ने लाभ लिया। रेवाराम साहू वरिष्ठ समाजसेवी लालेश्वर साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयंती साहू, समाजसेवी टेसराम साहू और देवेंद्र साहू आदि पूजा महाआरती में पूर्ण भक्ति भाव से शामिल हुए। अंतिम दिवस शिव महापुराण कथा वाचक सौरभ शर्मा ने कहा कि भगवान शिव भक्त अहंकार से परे सरल परोपकारी और सदमार्गी होते है। अंतिम दिवस पर पार्थिव शिवलिंग पूजा, हवन एवं सवा लाख बत्तियों से महा आरती ग्राम वासियों के द्वारा की गई, जिसमें महाराज द्वारा ग्रामवासियों को बेलपत्र का वृक्ष एवं रुद्राक्ष वितरण किया गया। महाआरती के पश्चात महाभंडारे का भव्य आयोजन भी रखा गया था। सरपंच रेवाराम साहू , जयंती साहू, लखन साहू, ज्ञानेश्वरी देवांगन, रमाकांत साहू (सरपंच आगेसरा), लालेश्वर साहू, टेसराम साहू, डॉ. देवानंद साहू, बी. आर. साहू, आकाश दुबे, कुलेश्वर साहू, धर्मेंद्र साहू, देवेंद्र साहू, ओमप्रकाश साहू आदि वरिष्ठजनों ने शिव महापुराण का लाभ लिया।

- गातापार में शिव महापुराण कथा आयोजित
- बांटी बेलपत्र पौधे व रूद्राक्ष

### सेवा पखवाड़े में महिलाओं ने की साफ-सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

भारतीय जनता पार्टी के सेवा पखवाड़े के अंतर्गत भाजपा नेत्री भानुप्रिया साहू ने अपने गृह ग्राम औरी महिलाओं को संगठित कर स्वच्छता अभियान के लिए प्रेरित किया। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम औंरी में महिला समूह के सदस्यों के द्वारा ग्राम के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों में झाड़ू लगाकर साफ सफाई की। स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न अंग है इस मूल मंत्र को स्वीकार करते हुए महिलाओं ने अपने घरों की भांति ग्राम के विभिन्न सार्वजनिक मंदिरों,स्थलों, गलियों एवं सड़कों का साफ-सफाई किया गया। यह पूर्णत सेवा के रूप में निशुल्क किया गया। स्वच्छता अभियान में श्रीमती भानुप्रिया साहू, इंद्राणी ठाकुर, सुनीता साहू, रुकमणी साहू,दिनेश्वरी यादव, मीना निर्मलकर, धनेश्वरी साहू, टिकेश्वरी साहू, मधुबाला साहू, भुनेश्वरी ठाकुर ने सराहनीय भूमिका निभाई।

### नवरात्रि पर दुर्गोत्सव की धूम



**भिलाई।** सार्वजनिक दुर्गा पूजा एवं दशहरा महोत्सव समिति राम नगर मुक्तिधाम सुपेला भिलाई।



**उतई।** युवा शक्ति नवदुर्गा उत्सव समिति पुराना बाजार चौक डुडेरा



**उतई।** जय माँ शारदा दुर्गा उत्सव समिति इंद्रा नगर डुंडेरा



**भिलाई।** मां दुर्गा जन सेवा समिति गांधी चौक ग्राम अछोटी (मुरमुंदा)



### मातृ शक्तियों ने की शस्त्रों की पूजा

**कुम्हारी।** स्थानीय विश्व हिन्दू परिषद (बजरंग दल) कुम्हारी प्रखंड में मातृ शक्ति एवं दुर्गा वाहिनी ने विजय दशमी पर शस्त्र पूजा की। यह कार्यक्रम कुम्हारी नगर के संयोजक कुणाल शर्मा, नगर मंत्री भूपेंद्र मानिकपुरी, नगर संयोजिका रत्ना दास के मार्गदर्शन में संम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला संयोजिका शशि बंछोर एवं कुम्हारी पालिकाध्यक्ष मीना वर्मा, वार्ड 18 के पार्षद आर. प्रवीण राव, हरीश सोनी, महेश कुमार, विनीत वर्मा, सुनील राजपूत, जया लक्ष्मी एवं तृप्ति चन्द्राकर आदि मौजूद थे।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202509101000179
विषयः ब-121 सत्रः 2024-2025
मामले की श्रेणीः राजस्व
छावनी प.ह.न. 00047 (हे)
पक्षकारों का विवरणः
आवेदक पक्षकारः उमाशंकर दास
अनावेदक पक्षकारः –
ईश्तहार
आवेदक – उमाशंकर दास पिता/ पति/ विभाग मनोहर दास पता – फौजी नगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वयं का जन्म दिनांक 19/03/1983 को स्थान फौजी नगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग में होने से जन्म प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा अपने आवेदन पत्र के समर्थन में अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया है।
अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 09.10.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जायेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/09/2025 को जारी किया जाता है।
मुहर
DIKESHWAR SAHU
अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर

जगजीवन आयुर्वेद
धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है
और किसी संकोच में रहिये आज ही गारंटी से इलाज कराएँ.
पुलगाँव चौक, महालक्ष्मी मार्केट शॉप नं.C11 दुर्ग, मो. 7869433660, 9399436858

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 1 अक्टूबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129

04



स्टाइलिश बनने की चाह है तो देखें फुल घेरे वाले सूट डिजाइंस

## लाइव इवेंट

### ट्विनसिटी में मां दुर्गा के अलग-अलग रूप



दुर्ग। धार्मिक दुर्गोत्सव समिति सिकोला भाठा दुर्ग।



भिलाई। सेक्टर-1 बंगाली दुर्गोत्सव समिति सेक्टर-1 ए मार्केट।



भिलाई। यूथ व्यापारी संघ दुर्गोत्सव समिति ए मार्केट सेक्टर-4।



भिलाई। युवा मां शक्ति दुर्गोत्सव समिति सड़क-13 सेक्टर-6।



भिलाई। आदर्श नवयुवक दुर्गोत्सव समिति।



भिलाई। आजाद चौक भिलाई-3 में स्थापित बंगाली दुर्गा।




भिलाई। डबरापारा दक्षिण भिलाई-3 में स्थापित माता सरस्वती।

● शहर के बड़े होटलों और उत्सवों का पास जुटाने मशक्कत के बाद ड्रेस लेने बढ़ती है गरबा प्रेमियों की भीड़

# गरबा में बेस्ट परफॉर्म करने हैंडमेड घेरा वाले चनिया चोली की डिमांड, पसंद का परिधान लेने माथापच्ची

ट्विनसिटी में जगह-जगह गरबे की धूम मची हुई है।जिसमें प्रमुख गुजराती समाज सेक्टर 4 में आयोजित पारंपरिक गरबा का आयोजन रहता है। वहीं बीते कुछ सालों से बड़े-बड़े होटल में भी गरबा उत्व का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए लोग इंट्री पासेस जुगाड़ कर रेंट से ड्रेस लेने के लिए भी मशक्कत करते दिखाई दे रहे है। गरबा उत्सव में शिरकत करने को लेकर महिलाओं, युवतियों और युवाओं में क्रेज है। इसका असर मार्केट में भी देखने को मिल रहा है। शाम 5 से 7 बजे के बीच ऐसे गरबा प्रेमियों की भीड़ सभी गरबा ड्रेसेस के दुकान जुनवानी से लेकर रिसाली के बीच सजी ड्रेस मटेरियल की दुकानों पर बढ़ जाती है। जहां हैंडमेंड चनिया-चोली की डिमांड सबसे ज्यादा करते हैं। कम लोग ही नया ड्रेस लेने में रुचि लेते हैं। ज्यादातर गरबा प्रेमी किराए पर ड्रेस मटेरियल्स को लेना पसंद करते हैं।



**भिलाई।** इनमें महिलाओं के ऐसे ग्रुप भी पहुंच रहे हैं, जिन्होंने बड़े गरबा उत्सव को ड्रेस बेस्ड किया है। गरबा मैदान में एक जैसे पहनावे में उत्सव का हिस्सा बनने का क्रेज महिलाओं और युवतियों में ज्यादा देखने को मिल रही है। बीएलवीके दुकान संचालिका अनिका गुप्ता ने बताया कि मार्केट में गरबा ड्रेस के साथ मेंचिग एसेसरीज की पूछ-परख हैं। अब ड्रेस के साथ ज्वेलरी रेंट पर लेने के लिए लोग ज्यादातर 4 बजे से 7 के बीच पहुंचते हैं, जिन लोगों ने पहले से ही बुकिंग करवाया हैं, ऐसे लोगों की भीड़ ज्यादा रहती है।







### कौड़ी और मोर-पंख वाले एक्सेसरीज की बढ़ी पूछपरख

फैंसी ड्रेस संचालकों के पास गरबा ड्रेस 300 से शुरू हैं। ग्राहक को कई तरह की डिजाइन में सस्ते दामों में हर वर्ग के लिए आउटफिट उपलब्ध है। पुराने और नए दोंनो डिजाइन की मांग हैं। रेडिमेट ज्वेलरी हाथों के मोर-पंख में डिजाइन कंगन, गले का चोकर, कौड़ी या घुंघरू वाली पायल, छोटे-छोटे मिरर से बना इयररिंग्स, ऑक्सीडाइज्ड झुमके को महिलाएं सेट में लेते हुए इनकी 100 से 600 तक कीमत दे रही हैं।



### गरबा में आकर्षक दिखने किराए का परिधान

श्रेया और माधवी ने बताया कि अभी शाम को होने वाली भीड ज्यादातर पहले से बुकिंग करवाने वालों की रहती है। जिनकी कोई प्री-प्लानिंग नहीं होती है। किसी आयोजन का पास मिलने पर ड्रेस तलाशने के लिए वाले गरबा प्रेमी दिनभर आते-जाते रहते हैं। प्लेन ड्रेस का चलन ज्यादा हैं। युवतियों को चनिया चोली में दस कली, बारह कली का घेरा, प्लेन डिजाइन, हाथी प्रिंट, रंग-बिरंगे लेस वर्क, छोटे कोड़ी से बना डिजाइन और ज्यादा घेरे की मांग बढ़ गई है। चनिया चोली प्लेन लेने के साथ हैवी वर्क, बैकलेस ब्लाउज के साथ मैच करके पहनना पसंद किया जा रहा है। युवाओं और बच्चों में शार्ट कुर्ता, टू-पीस. थी पीस के साथ रंग-बिरंगे चश्मों को पसंद किया जा रहा है।



### गरबा के लिए हैंडमेड चनिया चोली-ड्रेस मटेरियल्स की डिमांड

रेंट में पर चनिया चोली और मेंचिग एसेसरीज 300 से साढ़े 8 सौ में लोग लेना पसंद कर रहे हैं। युवाओं और बच्चों के लिए 250 से 700 की रेंज में गरबा परिधान उपलब्ध है। मैचिग एसेसरीज में चोकर, कंगन, बाली, बोहो बेड्स का 150 से 200 रुपए प्रतिदिन किराए पर लेने के लिए भी 40 से 50 लोग दिन में आते हैं। शाम को 5 से 7 बजे के बीच ड्रेस बुक करवाने वाले लोगों की आवाजाही बढ़ने लगती है। दुकान संचालकों ने बताया कि हर साल कुछ नया लेकर आते हैं। दुकान में बच्चे, यूथ के लिए गरबा परिधान डिजाइन करवाया गया है। लहंगे को हाथ की कढ़ाई से इस बार भी तैयार किया गया है। युवतियों में भारी वर्क और ज्यादा घेरा वाले चनिया चोली की डिमांड है।

# गरबा किंग हर्ष और क्वीन बनी अंजली

**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय में गरबा उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक परिधानों में गरबा गीतों पर नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं। जिसमें गरबा किंग और क्वीन का खिताब हर्ष बंजारा और अंजलि भांडेकर को दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर मां दुर्गा की आराधना से की गई।आयोजन में फार्मेसी संकाय की विशेष भूमिका रही।





### ये रहे शामिल

इस अवसर पर कुलाधिपति सुशील चंद्राकर, ज्वाइंट डायरेक्टर शालिनी व जय चंद्राकर, कुलपति प्रो. बी.एस. तिवारी, कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र कुमार स्वर्णकर, वाइस प्रेसिडेंट प्रभजोत सिंह भुई, डायरेक्टर डॉ. घनश्याम साहू, भारती आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, दुर्ग के प्राचार्य डॉ. मानव रंजन होता, भारती कृषि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के. दुबे, डीन अकादमिक डॉ. आलोक भट्ट सहित विभिन्न संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### विजेता प्रतिभागी हुई सम्मानित

आयोजन समिति में डॉ प्रगति बघेल, डॉ. चंद्रिका अहीर्वार, निखिल देव प्रसाद, आयुष शर्मा, डालचंद साहू, डॉ. स्वाति पाण्डेय, डॉ. शोभा सिंह ठाकुर, डॉ. अजय सिंह, डॉ. मनोज मोर्य, डॉ. रोहित वर्मा, झरना साहू, प्रतिभा साहू, आस्था, युक्ति, प्रियंका, डॉ. श्रीकांत साहू, डॉ. अंकुर महाजन, डॉ. नेहा शर्मा, डॉ. निहारिका शर्मा, डॉ. सरिका सोलंकी, नवीन, सुरज, लोकेश, मुकेश प्रजापति, मनोज देशमुख का विशेष योगदान रहा। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न कैटेगिरी में विजेता बेस्ट ड्रेस में प्रथम कमलेश्वर साहू, द्वितीय निखिल देशमुख, तृतीय खुशवंत प्रसाद, गर्ल्स ड्रेस में प्रथम सीमा सिन्हा, द्वितीय वैषाली कुर्रे, तृतीया रेशमा, बेस्ट गरबा में प्रथम ओजस्व मेश्राम, द्वितीय सौरभ मिश्रा, तृतीय तरुण सोनकर, नृत्य गर्ल्स प्रथम साक्षी, द्वितीय भाविका सिन्हा, तृतीय श्रेष्ठता रहे। प्रतियोगिता में निर्णायक डॉ. विद्यावती चंद्राकर और डॉ. प्रतिभा कुरुप ने निभाई।

# कन्याओं के पैर पूजकर कराया भोजन

**भिलाई।** भारतीय संस्कृति में बेटियों को दुर्गा का रूप माना गया है। उन्हीं नौ रुपों का दिव्य अनुभूति विद्यालय के संचालक जयप्रकाश घनघोरकर ने शाला प्रांगण में नन्ही बच्चियों को दुर्गा का रूप देकर उनका पूजन कराया। शाला प्रांगण में आए हुए अतिथियों ने कन्याओं को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी और उनके जीवन में सुख, समृद्धि और सफलता की कामना की। संचालक जयप्रकाश घनघोरकर ने कहा कि हम सभी को अपने जीवन में कन्याओं के प्रति सम्मान और आदर व्यक्त करना चाहिए। इस दौरान नन्हीं बच्चियों ने शानदार डांडिया प्रस्तुत कर सबको मन मोह लिया। बच्चियों का पूजा कर उन्हें खीर खिलाकर उन सभी का पैर छूकर आशीर्वाद लिया।



इस अवसर पर प्राचार्य माधुरी वर्मा, प्रभारी अन्नपूर्णा संचालक जयप्रकाश घनघोरकर, रूपेश्वरी साहू, गिरिजा जंघेल, ममता पांडे, अनीता शर्मा, विद्या, मंजूलता जंघेल, रोहनी जंघेल, तिलेश्वरी साहू, चित्रलेखा साहू, निशिकांत शर्मा, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, पूर्व पार्षद प्रमिला दुबे, शारदा गुप्ता, कन्हैया सोनी, डॉ प्रदीप चौधरी, महेंद्र शर्मा, सर्वेश ब्रिजपुरिया, पूर्व पार्षद शोभुराम साहु, रूपराम साहू सहित प्रमुख समाजसेवी उपस्थित थे।

### सीएसवीटीयू में एकीकृत राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता

# कबड्डी महिला वर्ग का खिताब आरसीपीएसआर आर-1 ने जीता

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई द्वारा आयोजित एकीकृत राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के कबड्डी महिला वर्ग हेतु बीआईटी दुर्ग परिसर में तीसरे दिन प्रदेश के विभिन्न पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग व फार्मेसी महाविद्यालयों से बेटियों की टीमों ने भाग लिया। कबड्डी महिला वर्ग का पहला मैच जीईसी रायपुर बनाम आरसीईटी आर 1 भिलाई जिसमें 14 अंकों से आरसीईटी आर 1 भिलाई विजेता रहे। वहीं दूसरा मैच सीएसवीटीयू शिक्षण विभाग बनाम आरसीपीएसआर आर 1 भिलाई में 13 अंकों से आरसीपीएसआर आर 1 भिलाई विजेता रहे।तीसरा मैच आरसीईटी भिलाई बनाम रूंगटा महाविद्यालय रायपुर में 1 अंक से रूंगटा महाविद्यालय रायपुर विजेता रहे।फाइनल मुकाबला आरसीपीएसआर आर 1 भिलाई बनाम रूंगटा महाविद्यालय रायपुर का हुआ जिसमें 4 अंकों की रोमांचक बढ़त के साथ आरसीपीएसआर आर 1 भिलाई की महिला टीम विजयी रही। कार्यक्रम में प्रथम स्थान आरसीपीएसआर आर 1 भिलाई की महिला टीम व द्वितीय स्थान रूंगटा महाविद्यालय रायपुर को सीएसवीटीयू के कुलसचिव डॉ. अंकित अरोरा ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।



### इन तकनीकी कॉलेजों ने हिस्सा



विश्वविद्यालय कबड्डी महिला टीम हेतु - कामिनी जेकेआईपीईआर बिलासपुर, मनीषा आरसीपी रायपुर, आर्ची तिवारी रूंगटा आर1, हर्षा साहू सीएसवीटीयू शिक्षण विभाग, भार्गवी कश्यप आरसीपीएसआर आर1 भिलाई, उपासना साहू रूंगटा महा. रायपुर, मिनाक्षी रूंगटा महा. रायपुर, पलक राठौर सीएसवीटीयू शिक्षण विभाग, सौम्या गिरीगोस्वामी रूंगटा महा. रायपुर, यामिनी जीईसी रायपुर, शिवानी कुमारी सीएसवीटीयू शिक्षण विभाग, यामिनी यादव आरसीपीएसआर रायपुर, नयनतारा बारला आरसीईटी आर1 भिलाई , सुप्रिया देवनाथ आरसीपीएसआर आर1 भिलाई, शीतल रजक आरसीपीएसआर आर1 भिलाई,पूजा कुमारी आरसीपीएसआर आर1 भिलाई चयनित हुए सभी महिला खिलाड़ियों को अब बीआईटी दुर्ग में प्रशिक्षण शिविर का लाभ दिया जाएगा।

### टीम भावना जरूरी : कुलसचिव डॉ. अरोरा

कुलसचिव डॉ. अरोरा ने सभी महिला खिलाड़ियों से टीम भावना को आजीवन बरकरार रखने की अपील की ताकि वे अपने व्यक्तिगत व सार्वजनिक जीवन में टीम भावना से किए सभी कार्यों में सकारात्मक परिणाम ला सके और जो खिलाड़ी जीते वे अगले चरण की तैयारी में जुट जाएं जो हारे वे अपनी गलतियों को सुधार कर अगली बार वापस मैदान फतह करने का संकल्प लें। कार्यक्रम में विवि खेल अधिकारी किशोर कुमार भारद्वाज, बीआईटी दुर्ग के प्राचार्य डॉ. जयसवाल,प्रोफे. इंचार्ज डॉ. श्रवण पांडेय,प्रबंधक प्रशासन रामकृष्ण राव,परीक्षा विभाग प्रबंधक जीवन शेट्टी , बीआईटी दुर्ग से आयोजन सचिव एवं वरिष्ठ खेल अधिकारी कोंडल राव कॉलेजों से खेल अधिकारी - गजेन्द्र कुमार साहू आरसीईटी आर1 भिलाई , शंकर नागराजन व लिलीमा रूंगटा कॉलेज रायपुर, शेष नारायण साहू व वंदना चंद्राकर सीएसवीटीयू शिक्षण विभाग अम्पायर/ रेफरी व गोपनीय कार्य हेतु - कबड्डी खेल विशेषज्ञ सुश्री जेबा खान, मोहित साहू, पीलाराम पारकर,नवीन देशमुख, अविनाश गोड, प्रकाश यादव, होलकर पारकर आदि की भूमिका रही।

## सिटी इवेंट

# पदयात्रियों के लिए निशुल्क हेल्थ कैम्प, निशुल्क दवाओं का वितरण



**भिलाई।** डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर ने 1200 से अधिक श्रद्धालुओं को राहत पहुंचाई गई। इसके अलावा लगातार शिविर लगाया जा रहा है। बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण में शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग हुडको तथा शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज जुनवानी के संयुक्त तत्वावधान में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। पिछले 6 दिनों में इस शिविर से 1200 से अधिक श्रद्धालु एवं मरीजों को निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श, नर्सिंग सहायता एवं आवश्यक दवाइयाँ उपलब्ध कराई गई हैं। इस पूरे आयोजन में आईपी मिश्रा, अध्यक्ष शंकराचार्य ग्रुप ऑफ कॉलेजेज का विशेष योगदान रहा। उनके प्रयासों से ही दोनों शिफ्टों में योग्य चिकित्सक उपलब्ध कराए गए तथा मरीजों के लिए निःशुल्क दवाइयों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। शिविर का संपूर्ण प्रबंधन शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग के निदेशक डॉ. दीपक शर्मा एवं डॉ. मोनिषा शर्मा के नेतृत्व में संचालित हो रहा है। डॉ. दीपक शर्मा ने चिकित्सा शिविर को लेकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस आयोजन से अभिभूत हैं। दर्शनार्थियों को सेवा प्रदान कर पाना उनके लिए अत्यंत सुखद और सौभाग्य की बात है। मंदिर आने वाले श्रद्धालु लगातार डॉक्टरों एवं नर्सिंग स्टाफ की समर्पित सेवा भावना की सराहना कर रहे हैं। मां बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचे दर्शनार्थियों एवं पर्यटकों ने चिकित्सा शिविर की टीम की सराहना करते हुए कहा कि पूरी टीम अत्यंत सहयोगी एवं मददगार रही। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, सीपी मिश्रा, संजीव गोमस्तव, बबलू सांडिल्य सहित अन्य ट्रस्टियों ने शिविर को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग दिया। बीआईटी दुर्ग के डॉ. अभिषेक चक्रवर्ती ने भी अहम भूमिका निभाई।

## धर्म लाइव

# विजयादशमी पर वैदिक पूजा और मां चंडिका को शस्त्रार्पण



**दुर्ग।** आदित्यवाहिनी द्वारा 2 अक्टूबर गुरुवार को मां चंडिका मंदिर में सुबह 10 बजे शास्त्रोंक्त विधि से शस्त्र पूजन कर शस्त्र भेंट किया जाएगा। आदित्यवाहिनी से नारायण शर्मा ने बताया की सनातन धर्म के सर्वोच्च, सर्वमान्य, सार्वभौम धर्मगुरु पूरीपीठ शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाभाग द्वारा संस्थापित संस्थान आदित्यवाहिनी दुर्ग इकाई के द्वारा भारतवर्ष में क्षात्र धर्म को पुनः प्रत्येक वैदिक आर्य हिंदू सनातनी के जीवन में हृदयंगम करने के उद्देश्य से एवं भारतवर्ष से अराजक तत्व के दमन के लिए और हमारे पूर्वज छात्र धर्म रक्षण प्रणेता शिरोमणि रामचंद्र, कृष्ण परशुराम, युधिष्ठिर, पुष्यमित्र शुंग चंद्रगुप्त मौर्य, शिवाजी, महाराणा प्रताप के क्षात्र धर्म को भारतवर्ष पुनः प्रत्येक वैदिक कार्य हिंदू सनातनियों के जीवन में परिलक्षित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नारायण शर्मा, कान्हा दुबे, देवा महाराज, अभिषेक अवस्थी, अनुराग त्रिपाठी, वैभव तिवारी, अमन सिंह, रूपेंद्र शास्त्री, आशीष शर्मा, हिमांशु शुक्ला, प्रदीप साहू, प्रकाश राजपूत, सुरेन्द्र मिश्रा, विशाल ताम्रकार उपस्थित रहेंगे।

## समाज इवेंट

# नगर गौरव पदविहार कर पहुंची पद्मनाभपुर भगवान आदिनाथ का अभिषेक होगा आज



**दुर्ग।** मंगलवार की दोपहर आचार्य विद्यासागर, समयसागर की आज्ञानुवर्ती शिष्या दुर्ग नगर गौरव दुर्लभमति माताजी ससंघ का मंगल प्रवेश हुआ। बड़े मंदिर से वें पदविहार कर महावीर दिगंबर जैन मंदिर पद्मनाभपुर पहुंची। समाज के संजय बोहरा ने बताया कि 1 अक्टूबर की दोपहर लगभग 2 बजे से संत भवन में भगवान आदिनाथ भगवान को पनडुकशीला में विराजमान करके अभिषेक, शांतिधारा के पश्चात आचार्य विधान होगा। संत भवन में आर्यिका रत्न 105 दुर्लभमति माता एवं विद्वान पंडित अनेकांत जैन के सानिध्य में राजू एंड संगीत पार्टी का भक्ति भाव कार्यक्रम होगा। 2 अक्टूबर को अहिंसा दिवस के शुभ अवसर पर दुर्लभमति माता का मंगल प्रवचन होगा। सुबह 9 बजे दुर्ग सेंट्रल जेल में प्रवचन रखा गया है।

## भिलाई-दुर्ग सहित ग्रामीण क्षेत्रों में महाअष्टमी पर विधि-विधान से हुई पूजा अर्चना

# कालीबाड़ी में पुष्पांजलि देकर लगाया खिचड़ी का भोग, इधर हवन के बाद विसर्जन का दौर शुरू

**भिलाई।** नवरात्र की महाअष्टमी पर सभी देवी मंदिरों में सुबह माता का विशेष श्रृंगार कर विशेष पूजा-अर्चना की गई। जिसके बाद देर शाम तक हवन पूजन कर विशेष अनुष्ठान किये गए। सेक्टर 6 बंम्लेश्वरी मंदिर, सेक्टर 1 शारदा मंदिर, सेक्टर 4 गुजराती समाज, सेक्टर 7 महाराणा प्रताप, दुर्ग चंडी मंदिर में सहित सभी ज्योत कलश स्थापित मंदिरों में हवन किया गया। मंगलवार को कैंप 2 महात्मा गांधी नगर से शोभा यात्रा निकाली गई जो सेक्टर 1 शारदा मंदिर पहुंची थी।

मां सतरूपा शीतला मंदिर सिविल लाइन कसारीडीह में नवरात्र का पर्व पूरे श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। मंगलवार को महाअष्टमी पर्व पर मंदिर में हवन पूजन किया गया। हवन पूजन में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर पूर्णाहुति दी। शाम को माता स्वरूप कन्याओं को पूरे विधि विधान के साथ कन्या भोजन कराया गया। तत्पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया गया। महाप्रसादी ग्रहण करने श्रद्धालु बड़ी संख्या में उमड़े। नवरात्र के महानवमी पर आज 1 अक्टूबर को शाम 4 बजे ज्वारा विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। विसर्जन शोभायात्रा के भ्रमण पश्चात ज्वारा विसर्जन शीतला तालाब में किया जाएगा। महाअष्टमी पर्व पर हवन पूजन एवं कन्या भोज के दौरान सतरूपा शीतला सेवा समिति के अध्यक्ष रोमनाथ साहू, सचिव प्रदीप देशमुख, उपाध्यक्ष शिवसागर सिन्हा, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र धर्माकर, संयुक्त सचिव चंपा साहू, प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य तामेश्वर यादव, पुष्पा श्रीवास, मंदिर समिति के वरिष्ठ सदस्य भीखम साहू, कृष्ण देशमुख, भारतेंदु गौतम, गणेश निर्मलकर, धनेश सिंह राजपूत, हेम सिंह ठाकुर, राजा ठाकुर, राजू निर्मलकर, श्रीधर भजने के अलावा अन्य सदस्य व्यवस्था बनाने में जुटे रहे।

### सतरूपा शीतला मंदिर सिविल लाइन में भक्तों ने किया हवन



### कालीबाड़ी में सांस्कृतिक कार्यक्रम



मंगलवार को महाअष्टमी के अवसर पर शहर की कालीबाड़ियों और बंगाली दुर्गा पंडालों में भक्ति और उत्साह का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सुबह से ही सैकड़ों श्रद्धालु पुष्पांजलि देने पहुंचे। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी उपवास रखकर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना में शामिल हुए। हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी, वैशालीनगर कालीबाड़ी और हुडको कालीबाड़ी में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जनप्रतिनिधि और उद्योगपति भी पूजा-अर्चना करने पहुंचे, जहां उनका सम्मान किया गया। दोपहर को महाभोग खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। प्रसाद पाने श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगीं और वातावरण भक्तिमय रहा। भक्तों ने कहा कि यह दिन मां दुर्गा की कृपा और आशीर्वाद पाने का विशेष अवसर है। भिलाई की कालीबाड़ियां इस बार भी नवरात्रि के सबसे बड़े आकर्षण बनी हुई हैं।

### अष्टमी पूजा और पुष्पांजलि का महत्व

बंगाल की परंपरा में अष्टमी को दुर्गा पूजा का हृदय कहा जाता है। इसी दिन पूजा का शिखर माना जाता है। कई जगह अष्टमी पर कुमारी पूजन भी किया जाता है, जहां छोटी कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन किया जाता है। पुष्पांजलि यानी देवी को फूल अर्पित करना। भक्त उपवास करके सुबह स्नान के बाद देवी को मंत्रोच्चार के साथ फूल अर्पित करते हैं। यह मां को अपने मन, वचन और कर्म से समर्पण का प्रतीक है। मान्यता है कि सच्चे मन से दी गई अंजलि से मां की कृपा मिलती है और जीवन से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। अष्टमी की पुष्पांजलि में सैकड़ों भक्त एक साथ शामिल होते हैं। यह सामूहिक भक्ति और सामाजिक एकता का भी प्रतीक है। बंगाली समाज में लोग मानते हैं कि अष्टमी की अंजलि के बिना दुर्गा पूजा अधूरी है। यही वजह है कि उपवास रखकर बच्चे-बूढ़े सभी श्रद्धालु सुबह से इस क्षण की प्रतीक्षा करते हैं।



## जीई फाउंडेशन ने किया आयोजन

# बच्चों को सुपोषित बनाने लिया संकल्प, दी चरण पादुकाएं भी



भिलाई। घासीदास नगर गनबाड़ी केंद्र में पोषण किट और चरण पादुकाओं का वितरण जीई फाऊंडेशन द्वारा किया गया। 8वें राष्ट्रीय पोषण माह में सुपोषित और समृद्ध भारत का निर्माण थीम के अंतर्गत यह पहल की गई थी। संस्था के संयोजक प्रदीप पिल्लई ने माताओं को विशेष रूप से पोषण किट की जानकारी दी। इस किट में गुड़, भुना चना, अरहर की दाल, मूंग, सोयाबीन और तिल दिया गया। जो कि ऊर्जा, प्रोटीन, विटामिन और खनिजों से भरपूर हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य और शिक्षा ही राष्ट्र की सच्ची पूंजी है। जब हर बच्चा सुपोषित और आत्मविश्वासी होगा तभी भारत समृद्ध और सशक्त बनेगा। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि मिलकर बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए कार्य करें। भिलाई-1 परियोजना अधिकारी पद्मजा सिन्हा ने बच्चों को कुपोषण के जाल से बाहर निकलने खानपान की सही आदतों से अवगत कराया। उन्होंने माताओं से अपनी दिनचर्या में अंकुरित अनाज योग एवं मौसमी फलों को शामिल करने की सलाह दी। इस दौरान जीई फाउंडेशन की ओर से बच्चों को आरामदायक चप्पलें भी दी गईं। जिससे स्कूल व आंगनबाड़ी नियमित रूप से जाने इन बच्चों को सुविधा हो और उनके पैरों की सुरक्षा भी हो। पर्यवेक्षक कंचन महतो ने बच्चों के अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें और उन्हें नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्र भेजें। इस दौरान सभी ने मिलकर हर बच्चा सुपोषित, हर कदम सुरक्षित का नारा लगाया और अपने बच्चों को सुपोषित रखने का संकल्प लिया। आयोजन में घासीदास नगर और फौजी नगर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उमेश्वरी रात्रे, जीतू मनहर, पिंगला बंजारे और सहायिका चंचल निषाद, मारुति गुप्ता, किरण सिंह, टिकेश्वरी साहू और फाउंडेशन से प्रकाश देशमुख, सोनम सागर और अजीत सिंह ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## आयोजन

# बीएसपी के रिटायर कर्मियों को शॉल और श्रीफल देकर दी विदाई




**भिलाई।** बीएसपी के सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में आयोजन के दौरान सोसाइटी के अगस्त और उसके पूर्व सेवानिवृत्त हुए बीएसपी के सदस्य कर्मियों को विदाई दी गई। सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र व अन्य पदाधिकारियों ने इन सदस्य कर्मियों को शॉल व श्रीफल और उनकी जमा पूंजी का चेक देकर सम्मानित किया। इस दौरान रिटायर कर्मियों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने कहा कि वरिष्ठ कर्मी हमारे मार्गदर्शक हैं, उन्होंने सभी रिटायर कर्मियों को सुखद व स्वस्थ्य सेवानिवृत्ति जीवन की शुभकामनाएं दी।समारोह में वरिष्ठ कर्मियों ने सम्मान के प्रति आभार जताते हुए अपनी भावनाएं व्यक्त की। के.बी.श्रीरंगा, राकेश तिवारी, राकेश शर्मा, अवधेश राय, नीना प्रदीप, मोहम्मद आरिफ खान, गौरी देवी, जनक लाल चंदेल, कमलेश बाग, बृजेश अग्रवाल, राजेन्द्र कुमार, शारदा प्रसाद, अनिल सोनी, राकेश कुमार, बी. मूर्ति, लालजी, चंद्रशेखर गोस्वामी और के. बालकृष्ण ने भी अपने विचार व्यक्त किए।इस अवसर पर संचालक मंडल के उपाध्यक्ष अमिताभ वर्मा सहित सदस्य हरिराम यादव, जे के गहिने, विनोद कुमार वासनिक, कुलेश्वर चंद्राकर, नीरजा शर्मा, पवन साहू सहित कई अन्य लोग मौजूद थे। संचालन संस्था के प्रबंधक एम. मुरलीधर व आभार संस्था की वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंदरजीत कौर ने व्यक्त किया।



## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस : भिलाई-दुर्ग में संचालित वृद्धाश्रम में दी जा रही हैं सेवाएं

# 2050 तक देश में हर पांचवां व्यक्ति हो जाएगा बुजुर्ग, फिलहाल देश में 15 करोड़ से ज्यादा वृद्ध, उनके ज्ञान और अनुभव का लें लाभ

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 14 दिसंबर 1990 को पारित संकल्प के बाद 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस घोषित किया। तब से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसे प्रतिवर्ष मनाया जा रहा है। यह दिवस वृद्धजनों के योगदान को मान्यता देने और उनके जीवन को प्रभावित करने वाले मुद्दों की जांच एवं समीक्षा करने के लिए प्रतिवर्ष मनाया जाता है। यह दिवस हमारे वरिष्ठ नागरिकों के योगदान, ज्ञान, सम्मान और आवश्यकताओं को स्वीकार करने और उनकी भलाई सुनिश्चित करने के लिए अपने प्रयासों को पुनः समर्पित करने का अवसर प्रदान करता है। उक्त बातें वरिष्ठ महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम देवांगन ने कही। उन्होंने कहा कि भारत में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। 2022 में इनकी संख्या 14.9 करोड़ थी। 2050 तक यह संख्या बढ़कर 34.7 करोड़ (कुल जनसंख्या का लगभग 20.8%) होने का अनुमान है। यानी लगभग हर पांचवां व्यक्ति वरिष्ठ नागरिक होगा। 2011 की जनगणना के अनुसार देश में लगभग 10.4 करोड़ वरिष्ठ नागरिक थे। वरिष्ठ नागरिक किसी भी समाज की आधारशिला होते हैं। वे अनुभव, ज्ञान और जीवन मूल्यों के संरक्षक हैं। वे सांस्कृतिक धरोहरों, सामाजिक परंपराओं एवं आदर्शों के संवाहक होते हैं। उनके कुशल मार्गदर्शन से ही परिवार और समाज को सही दिशा मिल सकती है। बदलते सामाजिक ढांचे, एकाकी परिवार की प्रवृत्ति और आधुनिक जीवनशैली के कारण आज बुजुर्गों को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। आज जब हमारा देश एवं विश्व तेजी से आधुनिकता और तकनीकी विकास की ओर बढ़ रहा है, तब वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों और समस्याओं पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। ऐसे समय में उनके अधिकारों की रक्षा करना, उनकी समस्याओं का समाधान करना, उनका सम्मान एवं प्रतिष्ठा बनाए रखना हमारे परिवार, समाज एवं शासन की जिम्मेदारी है।

### बुजुर्गों की सुरक्षा और सम्मान के लिए संवैधानिक अधिकार, लेकिन नहीं हो रहा पालन

देवांगन ने कहा कि बुजुर्गों को सुरक्षा और सम्मान के लिए संवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं, लेकिन इसका पालन हुआ या नहीं, इसका परीक्षण करने वाला कोई नहीं है। माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम 2007 के अंतर्गत संतान या वारिसों का कर्तव्य है कि वे माता-पिता की देखभाल करें। राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के तहत जिला अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में बुजुर्गों को विशेष चिकित्सा सुविधा निशुल्क अथवा रियायती दर पर उपलब्ध कराने का प्रावधान है। पेंशन, बीमा योजनाएं और अन्य सरकारी योजनाएं बुजुर्गों को आर्थिक रूप से सुरक्षित रखने चलाई जाती हैं। कानूनी संरक्षण प्राप्त है। परिवार एवं समाज में बुजुर्गों को सम्मान, सक्रिय भागीदारी एवं सामाजिक सहभागिता का अवसर मिलना उनका मौलिक अधिकार है।

### हेल्थ और अकेलेपन से ज्यादा परेशान हैं वृद्धजन

देवांगन ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद आय का साधन कम हो जाता है। कई बार उनकी पेंशन या बचत पर्याप्त नहीं होती। ऐसे में उनके जीवन निर्वाह कठिन हो जाता है और इसके लिए उन्हें दूसरों पर आश्रित होना पड़ता है। उम्र बढ़ने के साथ बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है। लेकिन उचित इलाज व देखभाल की कमी रहती है। शारीरिक कमजोरी, देखने सुनने में परेशानी, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, गठिया, हृदय रोग जैसी बीमारियां आम है। संयुक्त परिवार के टूटने एवं संतानों के अन्यत्र रहने के कारण एवं एकाकी जीवन शैली के कारण अनेक बुजुर्ग अकेले रह जाते हैं। यह स्थिति अवसाद और मानसिक तनाव बढ़ाती है और उनका जीवन अत्यंत कष्टप्रद हो जाता है।

### परिवार का दायित्व की बुजुर्गों को साथ लेकर चलें

लंबे समय से बुजुर्गों के बीच काम कर रहे घनश्याम देवांगन ने लोगों से अपील की है कि वे बुजुर्गों को साथ लेकर चलें। घर एवं बाहर युवाओं एवं बच्चों को चाहिए कि वे घर एवं बाहर में बुजुर्गों को अपनापन, आदर, सम्मान और स्नेह दें। वृद्धाश्रमों एवं डे-केयर सेंटर्स का विस्तार एवं सुविधा संपन्न बनाने की आवश्यकता है। बढ़ती मंहगाई के कारण पेंशन योजनाओं की राशि बढ़ाने एवं आमदनी रहित बुजुर्गों के लिए विशेष आर्थिक पैकेज उपलब्ध कराने की जरूरत है। स्वयंसेवी संस्थाओं, सक्षम उद्योगपतियों, व्यापारियों एवं संपन्न व्यक्तियों आदि को जनभागीदारी के जरिए बुजुर्गों का सम्मान बढ़ाएं। वरिष्ठ नागरिकों को स्मार्टफोन और इंटरनेट का सरल प्रशिक्षण देकर डिजिटल गैप को कम करें।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सुमन ने जूनियर नेशनल किकबॉक्सिंग में जीता गोल्ड



**रायपुर।** टिकरापारा की होनहार खिलाड़ी सुमन साहू ने हिमाचल प्रदेश में आयोजित जूनियर नेशनल किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। सुमन ने विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों को मात देकर जीत दर्ज की और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया।यह सुमन की लगातार तीसरी बड़ी उपलब्धि है। इससे पहले उन्होंने वर्ष 2024 में राधाबाड़ी, सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल) और 2023 में भारत इंडोर स्टेडियम, रांची (झारखंड) में भी गोल्ड मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था।सुमन की इस सफलता के पीछे उनके कोच मनीष बाग और पिता खुबलाल साहू का महत्वपूर्ण योगदान है, जिनके मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से वह लगातार आगे बढ़ रही हैं। उनकी इस उपलब्धि से पूरे टिकरापारा क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है।

### यशवंत , आर्यन , अद्वित और समाया बने विजेता




**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर द्वारा सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में 25 से 27 सितंबर, तक आयोजित ₹रायपुर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2025 (यूथ/सब जूनियर/कैडेट) का समापन हुआ। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सचिव सार्थक शुक्ला थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी ने किया। मंच संचालन प्रवीण निरापुरे ने किया। प्रतियोगिता के सभी वर्गों के अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। जिसमें यूथ अंडर-19 (यूथ) बालक वर्गः- विजेता -यशवंत डेकाटे, उपविजेता -श्रेष्ठ मिश्रा 3-0,यूथ अंडर-19 (यूथ) बालिका वर्ग विजेता -समाया पांडे , उपविजेता - आरना खोटेले 3-0, यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालक वर्ग विजेता -आर्यन सिंह, उपविजेता - श्रेष्ठ मिश्रा 3-2 यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालिका वर्गः- विजेता -समाया पांडे, उपविजेता -वेदी कछवाहा 3-1 यूथ अंडर--13 (कैडेट) बालक वर्गः-विजेता - अद्वित जिंदल,उपविजेता - नीरव तिवारी 3-1 यूथ अंडर-- 13 (कैडेट) बालिका वर्ग --विजेता - समाया पांडे, उपविजेता इशी मिश्रा 3-0 रहे। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक नागेश्वर साहू तथा सहायक मुख्य निर्णायक पुलकित यदु थे। इस अवसर पर परिवेश मिश्रा, प्रियंक पांडे, अंजना चौहान, सचिन मिश्रा, रशीद अंसारी, आर.के. पांडे एवं अन्य सदस्यगण, खिलाडीगण, पालकगण उपस्थित थे। यह जानकारी राजधानी टेबल टेनिस संघ जिला रायपुर के सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

### राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा स्क्वैश में रायपुर ज़ोन ने मारी बाज़ी



**रायपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के तत्वावधान में राजधानी के बूढ़ापारा स्थित स्क्वैश काम्प्लेक्स में 25वीं राज्य स्तरीय स्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसमे रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और सरगुजा की टीमों के कुल 120 बालक एवं बालिकाओं ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों के साथ 16 अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रतियोगिता संचालन में अपना विशेष सहयोग दिया। प्रतियोगिता में अंडर-14 बालक वर्ग : प्रथम – रायपुर, द्वितीय – दुर्ग, तृतीय – सरगुजा, अंडर-17 बालक वर्ग : प्रथम – रायपुर, द्वितीय – दुर्ग, तृतीय – सरगुजा, अंडर-19 बालक वर्ग : प्रथम – रायपुर, द्वितीय – दुर्ग, तृतीय – सरगुजा, अंडर-14 बालिका वर्ग : प्रथम – रायपुर, द्वितीय – सरगुजा, तृतीय – बिलासपुर, अंडर-17 बालिका वर्ग : प्रथम – रायपुर, द्वितीय – दुर्ग, तृतीय – बिलासपुरअंडर-19 बालिका वर्ग : प्रथम – रायपुर, द्वितीय – सरगुजा, तृतीय – बिलासपुर प्रतियोगिता में सभी आयु वर्ग (14, 17, 19 वर्ष) बालक एवं बालिका वर्ग में रायपुर ज़ोन प्रथम स्थान पर रहा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती छाया प्रकाश राव सहित अनेक अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डीपीआई से लाल बहादुर सोनकर, वरुण पांडे, संजय शुक्ला, संदीप गोयलकर, प्रकाश कश्यप, गजेंद्र कुमार साहू, केशव जलक्षत्री, संदीप शर्मा, राकेश प्रधान, श्रीमती बुद्धेश्वरी एवं श्रीमती मनप्रीत कौर आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। छत्तीसगढ़ स्क्वैश एसोसिएशन के संरक्षक एवं फाउंडर डॉ. विष्णु कुमार श्रीवास्तव एवं उपाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार अग्रवाल ने भी सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित की है।

युवा आबादी में हृदय की कमजोरी ज्यादा देखी जा रही, सावधानी जरूरी

# युवाओं में बढ़ते हृदय रोग से बचाव के लिए जरूरी है जीवनशैली में बदलना, कम होगा जोखिम

हृदय रोग वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ती समस्या है जिसका शिकार सभी उम्र के लोग हो रहे हैं। युवा आबादी में भी ये दिक्कत बढ़ती देखी जा रही है। हालिया रिपोर्ट्स में बैठे-बैठे, जिम के दौरान हार्ट अटैक और इसके कारण मौत के कई मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण हृदय रोगों का खतरा बढ़ता जा रहा है जिसको लेकर सभी लोगों को सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है।

हृदय रोग और इससे संबंधी बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसके रोकथाम को लेकर लोगों को शिक्षित करने के उद्देश्य से हर साल 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है। आइए जानते हैं कि किन चीजों का बढ़ना हार्ट के लिए नुकसानदायक है? जामा जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि कई कारक हैं जो हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट के खतरे को बढ़ा रहे हैं। पारिवारिक इतिहास के साथ, खराब आहार, मोटापा, शारीरिक गतिविधियों की कमी, शराब का सेवन, हाई ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल इन समस्याओं के लिए आपका खतरा बढ़ा सकते हैं। जिन लोगों के परिवार में पहले से किसी को हार्ट की समस्या रही है उन्हें और भी सावधानी बरतते रहनी जरूरी है।



### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ एस.एन. तिवारी बताते हैं, हृदय को स्वस्थ रखने के लिए कम उम्र से ही प्रयास करते रहना जरूरी है। संभावित हृदय संबंधी समस्याओं का समय रहते पता लगाने के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच जरूर कराएं। इसके साथ आहार और दिनचर्या को ठीक रखने वाले उपाय करके कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर दोनों को कंट्रोल में रखें। कोलेस्ट्रॉल का बढ़ा हुआ स्तर धमनियों में प्लाक के निर्माण को बढ़ावा दे सकता है, जिससे हार्ट अटैक का खतरा रहता है। अपने वजन को कंट्रोल बनाए रखना हृदय पर पड़ने वाले अतिरिक्त दबाव कम करने के लिए जरूरी है। आइए जानते हैं कि हार्ट को स्वस्थ रखने के लिए क्या उपाय किया जाना चाहिए?

### शराब-धूम्रपान को कहें ना

हृदय को स्वस्थ बनाए रखने के लिए शराब-धूम्रपान दोनों से दूरी बनाकर रखना बहुत जरूरी है। धूम्रपान धमनियों की परत को नुकसान पहुंचाने और प्लाक बनने को जोखिमों को बढ़ा सकता है। इन स्थितियों में हृदय रोगों का जोखिम काफी हद तक बढ़ा देता है। धूम्रपान की ही तरह शराब का सेवन भी नुकसानदायक है। शराब पीने से रक्तचाप बढ़ सकता है और हृदय की लय में गड़बड़ी हो सकती है, इससे दीर्घकालिक हृदय रोगों का जोखिम काफी बढ़ जाता है।

### सुनें दिल की आवाज

हृदय की किसी भी समस्या को कभी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शरीर की आवाज सुनें। अगर आपको सीने में दर्द, सांस फूलने की दिक्कत बनी रहती है तो ये हृदय की गंभीर समस्याओं की तरफ इशारा हो सकता है जिसपर समय रहते ध्यान देना औप उपचार प्राप्त करना जरूरी है। धड़कनों का बढ़ा रहना या अत्यधिक थकान महसूस होते रहना भी सेहत के लिए अच्छा नहीं है।

### अच्छी नींद लेना जरूरी

नींद की कमी या अनिद्रा जैसे समस्याएं संपूर्ण स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाली हो सकती हैं, इससे आपके दिल की सेहत पर भी नकारात्मक असर होने का जोखिम रहता है। दिल को स्वस्थ रखने वाली दिनचर्या में नींद एक अनिवार्य हिस्सा है। रोज रात में कम से कम 6-8 घंटे की नींद जरूर लें। गुणवत्तापूर्ण नींद को प्राथमिकता देकर न सिर्फ आप कार्डियोवैस्कुलर समस्याओं से बचे रह सकते हैं साथ ही ये आपको कई अन्य बीमारियों से भी बचाती है।

### तनाव कम करें

ज्यादा तनाव लेना आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। लंबे समय तक बनी रहने वाली तनाव की स्थिति हृदय को गंभीर रूप से प्रभावित करने वाली मानी जाती है। स्ट्रेस के कारण कोर्टिसोल हार्मोन का स्तर काफी बढ़ जाता है जिसे रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल दोनों के बढ़ने का खतरा रहता है।






## आंखों की चमक बरकरार रखने उठाएं जरूरी कदम

आंखें ईश्वर का वरदान हैं, यही शरीर का वो हिस्सा हैं जो हमें दुनिया की खूबसूरती का एहसास कराती हैं। हालांकि समय के साथ लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण इससे संबंधित जोखिम बढ़ते जा रहे हैं। मोबाइल-कंप्यूटर्स पर अधिक समय बिताना हो या फिर डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर जैसी अंतर्निहित स्वास्थ्य स्थितियां, इन सभी के कारण आंखों की सेहत पर नकारात्मक असर देखा जा रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका में अंधापन और कम दृष्टि के प्रमुख कारणों में मुख्य रूप से मोतियाबिंद, मधुमेह संबंधी रेटिनोपैथी और ग्लूकोमा जैसी बीमारियां हैं।

आंखों से संबंधित बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में लोगों का ध्यान आकर्षित करने और बचाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल अक्तूबर माह के दूसरे गुरुवार को वर्ल्ड साइट डे मनाया जाता है। इस बार का थीम है- अपनी आंखों से प्यार करें' है, कार्यस्थल पर आंखों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

### अच्छा आहार आंखों के लिए जरूरी

आंखों को स्वस्थ रखने के लिए सबसे जरूरी है कि आपका आहार स्वस्थ और पौष्टिक हो। थाली में कई रंगों वाली सब्जियों-फलों को दैनिक आहार का हिस्सा बनाएं। ओमेगा-3 फैटी एसिड, ल्यूटिन, जिंक और विटामिन-सी और



ई जैसे पोषक तत्व मैक्यूलर डिजनरेशन और मोतियाबिंद जैसी उम्र से संबंधित दृष्टि समस्याओं को दूर करने में मदद कर सकते हैं। हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, केल और कोलार्ड, फैटी फिश, अंडे, नट्स, बीन्स आदि आंखों की सेहत के लिए लाभकारी हैं।

### धूम्रपान से बिल्कुल दूरी

धूम्रपान सिर्फ फेफड़ों के लिए ही हानिकारक नहीं है, इससे आंखों की सेहत पर भी नकारात्मक असर हो सकता है। अध्ययनों में धूम्रपान को मोतियाबिंद, ऑप्टिक तंत्रिका को क्षति पहुंचाने और मैक्यूलर डीजेनरेशन के खतरे को बढ़ाने वाला पाया गया है। धूम्रपान छोड़कर इस तरह के खतरे को कम किया जा सकता है। डॉक्टर कहते हैं, धूम्रपान छोड़ना आपके नियंत्रण में है जो आपकी दृष्टि को लंबे समय तक स्वस्थ बनाए रखने में मददगार हो सकता है।

### स्क्रीन टाइम को करें कम

स्क्रीन पर बहुत अधिक समय बिताने वाले लोगों में समय के साथ आंखों से संबंधित कई तरह की बीमारियों के विकसित होने का खतरा रहता है। मोबाइल-कंप्यूटर या टेलीविजन जैसे स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी आंखों के लिए बहुत हानिकारक हो सकती है। अमेरिकन ऑप्टोमेट्रिक एसोसिएशन इस तरह के जोखिमों को कम करने के लिए 20/20/20 नियम की सिफारिश करता है। इसमें हर 20 मिनट में कम से कम 20 फीट दूर किसी वस्तु को 20 सेकंड के लिए ध्यान से देखने की सलाह दी जाती है। पलकों को झपकाते रहना भी बहुत जरूरी है।



## पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट में रायपुर टीम रही पदक विजेता



**रायपुर।** इंडियन पेंचाक सिलाट फेडरेशन एवं कर्नाटक पेंचाक सिलाट संघ के संयुक्त तत्वाधान में 13 वीं राष्ट्रीय सब जूनियर, जूनियर पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 26 से 28 सितंबर को कर्नाटक के कोप्पल जिले में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में 32 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेश के टीमों ने भाग लिया। जहा छत्तीसगढ़ टीम में 31 बालिका एवं 24 बालक खिलाड़ी और 7 टीम ऑफिशल समेत कुल 62 सदस्य दल शामिल थे। जिसमें रायपुर जिले से 14 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें खिलाड़ियों ने 16 पदकों को हासिल किया। जिसमें से 2 स्वर्ण , 2 रजत और 12 कांस्य पदक है।

- कर्नाटक में किया शानदार प्रदर्शन, मिली भरपूर सराहना

इनमें टैंडिंग में सिंगा वर्ग में जीवा वेलप्पु (6 वर्ष, 1स्वर्ण पदक वर्ग 17 से 19 किलो) माकान वर्ग में अबीर गोलछा (7 वर्ष,1 कांस्य पदक वर्ग 24 से 26 किलो ) अहाना गोलछा (7 वर्ष, 1 कांस्य पदक वर्ग 24 से 26 किलो) वर्ग प्री टीन में महीप छाजेड़ (11 वर्ष, 1 रजत पदक वर्ग 54 से 56 किलो), रिशिक श्रीवास (12 वर्ष, 1 कांस्य पदक वर्ग 52 से 54 किलो) वर्ग प्री जूनियर में जीविका छाजेड़ (13 वर्ष, 1 रजत पदक वर्ग 39 से 42 किलो) वर्ग जूनियर में कृतिका कासेर (15 वर्ष, 1 कांस्य पदक वर्ग 43 से 47 किलो) सैनी इवेंट्स शोलो में जीविका छाजेड़ (13 वर्ष, 1स्वर्ण पदक वर्ग प्री जूनियर) अरनव सिंह बंजारे (13 वर्ष, कांस्य पदक वर्ग प्री जूनियर) जीवा वेलप्पु (6 वर्ष, 1 रजत पदक वर्ग सिंगा) अहाना गोलछा (7 वर्ष, 1 कांस्य पदक वर्ग माकान) गांडा जूनियर में मुग्धा सिंह (14 वर्ष) विधी सिपानी (16 वर्ष) कांस्य पदक रेगू जूनियर में ऋषिता शर्मा (14 वर्ष) मुग्धा सिंह (14 वर्ष) कृतिका कासेर (15 वर्ष) कांस्य शामिल हैं। इनमें अभिषेक पटेल , वंश टावरी और चिन्मय सिपानी ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट संघ के अध्यक्ष मनीष बाग और संघ के महासचिव शेख समीर ने सभी जिले के खिलाड़ियों को बधाई दी, एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। 13वीं नेशनल प्रतियोगिता में निर्णायक रहे छत्तीसगढ़ (रायपुर) के अभिषेक देवांगन और छत्तीसगढ़ महिला कोच नीलिमा साहू ने बताया कि गत 3 वर्षों से छत्तीसगढ़ की टीम पेंचाक सिलाट प्रतियोगिता में भाग ले रही है और पदक प्राप्त करने में भी छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी सफल हो रहे हैं। इस बार का प्रदर्शन बहुत ही शानदार रहा !

## मूंग दाल से बनाएं पिज्जा, हेल्थ के साथ स्वाद का डोज भी होगा



पिज्जा भले ही इटली से ताल्लुक रखता है, लेकिन भारत में इसके दीवाने हजारों हैं। ऐसा कोई कैफे या रेस्तरां नहीं होगा, जहां पिज्जा न मिलता हो। अब तो स्ट्रीट वेंडर्स पिज्जा को मेन्यू में शामिल करने लगे हैं। पिज्जा खाकर मन खुश तो हो जाता है, लेकिन हेल्थ की नजरिए से देखा जाए तो मैदे के बेस के कारण आपकी स्वास्थ्य पर इसका असर पड़ सकता है। हालांकि, आपको इतना चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। आप हेल्दी पिज्जा बनाकर हेल्थ के साथ स्वाद का भी आनंद ले सकते हैं। मास्टरशेफ पंकज भदौरिया ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर मूंग दाल पिज्जा की रेसिपी शेयर की है। सबसे पहले इसके लिए पीली मूंग दाल लेकर उसे साफ करके 2-3 बार धोकर भिगोने के लिए छोड़ दें। दाल को लगभग 6-8 घंटे के लिए भिगोएं, इसके बाद आपके लिए बैटर बनाना आसान होगा। 6 घंटे के बाद दाल को बिना पानी के ब्लेंडर में डालकर पीस लें। यह एक स्मूथ कंसिस्टेंसी के बैटर में तैयार होना चाहिए। इसे एक बार चम्मच से अच्छी तरह से मिक्स कर लें। अब इस मैटर में नमक और दो बड़े चम्मच वेजिटेबल ऑयल डालकर अच्छी तरह से मिला लें। इसके बाद बैटर में एक पैकेट ईनो को डालकर व्हिस्कर से मिला लें। इस बैटर को लगभग 2 मिनट के लिए अलग रखें। अब टमाटर, प्याज, शिमला मिर्च (शिमला मिर्च के हैक्स) को क्यूब्स में काटकर एक प्लेट में रख लें। अगर आप इसमें कॉर्न, पनीर या अन्य कोई वेजिटेबल डालना चाहते हैं, तो वो भी तैयार करके रख सकते हैं। एक नॉन स्टिक पैन को मीडियम आंच पर गर्म कर लें।

कार्नर न्यूज

लड़कियों में बाइक चलाने का बढ़ा चलन, शौक बन रहा जुनून

# दुनिया घूमने की चाह बनाती है बाइकर्स, एडवेंचर के साथ अपनी त्वचा का भी रखें अच्छी तरह ख्याल

आजकल के लड़कियों को भी बाइक चलाने का काफी शौक होता है। लड़कियां तो बाइक से रोड ट्रिप तक पर जाती हैं। ऐसे में बाइक चलाते वक्त त्वचा का खास ध्यान रखने की जरूरत होती है। दरअसल, ऐसा देखा जाता है कि जो लोग बाइक ज्यादा चलाते हैं, उनकी त्वचा काफी खराब होने लगती है। सड़कों पर चलने वाली धूल भरी आंधियों का सीधा असर चेहरे पर होता है, जिससे लड़कों के चेहरे पर भी पिंपल्स और एक्ने दिखने लगते हैं। बाइक चलाने वाली लड़कियों को अपनी त्वचा का खास ध्यान रखना चाहिए। ताकि आपका चेहरा भी बाइक चलाने के बावजूद ग्लो करे और आपको किसी तरह की कोई परेशानी ना होने पाए।

### चेहरे को रखें साफ

जब भी बाइक चलाकर आएं तो सबसे पहले चेहरे को साफ करें। चेहरा धोने के लिए हमेशा एक बढ़िया फेस क्लींजर का ही इस्तेमाल करें। ये आपकी त्वचा को साफ करने में मदद करेगा।



### त्वचा को करें एक्सफोलिएट

आपको अपनी त्वचा को एक्सफोलिएट करने की जरूरत होती है। इसके लिए आपको बस हफ्ते में एक बार त्वचा को स्क्रब करना है। ऐसा करने से बाइक चलाने के बावजूद आपकी त्वचा ग्लो करेगी।

### चेहरे को करें मॉइश्चराइज



बाइक चलाने के बाद और बाइक चलाने से पहले भी अपनी त्वचा को मॉइश्चराइज करना ना भूलें। हमेशा अपनी स्किन को सूट करने वाला मॉइश्चराइजर चुनें। आज के समय में तो आप आसानी से जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर चुन सकती हैं इससे आपकी त्वचा चिपचिपी नहीं लगेगी।


### खूब पीएं पानी

हर मौसम में खूब सारा पानी पीएं। इससे आपकी त्वचा की कई परेशानियां दूर हो सकती हैं। यह अंदर से आपकी स्किन सेल्स को साफ करेगा।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## मशहूर कॉमेडियन जिमी फिर कर रहे वापसी, बंद हुआ था शो



अमेरिकी मनोरंजन जगत के मशहूर कॉमेडियन जिमी केमिल के शो पर बीते दिनों रोक लगा दी गई थी, क्योंकि उन्होंने चार्ली किर्क की हत्या पर टिप्पणी की थी। अब उनका शो फिर से शुरू हो रहा है। बीते दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी चार्ली किर्क की मौत के बाद चर्चित कॉमेडियन जिमी किमेल लाइव शो को अचानक बंद कर दिया गया था। हालांकि, ये फैसला एबीसी नेटवर्क ने लिया था, क्योंकि जिमी किमेल ने चार्ली किर्क के संदिग्ध हत्यारे को लेकर विवादित बयान दिया था। इस खबर ने सभी को हैरान कर दिया था। अब मनोरंजन जगत से एक बड़ी खबर आई कि जिमी का शो फिर से शुरू हो रहा है और वो वापसी कर रहे हैं। एबीसी ने अपने बयान में कहा, ₹ हमने देश के लिए एक भावनात्मक क्षण में तनावपूर्ण स्थिति को और भड़काने से बचने के लिए शो का निर्माण स्थगित करने का निर्णय लिया था।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹हमने यह निर्णय इसलिए लिया क्योंकि हमें लगा कि कुछ टिप्पणियां गलत समय पर हुईं इसलिए वो असंवेदनशील थीं। हमने पिछले कुछ दिनों में जिमी के साथ विचार-विमर्श किया है और उन चर्चाओं के बाद, हम को शो पर वापस लौटने का निर्णय ले पाए हैं।₹ ये पूरा मामला तब शुरू हुआ, जब जिमी किमेल ने अपने शो में चार्ली किर्क के संदिग्ध हत्यारे टायलर रॉबिन्सन पर टिप्पणी की। किमेल ने दावा किया कि रॉबिन्सन पहले ट्रंप समर्थक रिपब्लिकन रहा होगा और 'मैगा गिरोह' इस बात को छिपाने की कोशिश कर रहा है। उनकी इस टिप्पणी के तुरंत बाद दक्षिणपंथी समूहों ने उन्हें निशाने पर ले लिया।

### टॉलीवुड

## फिर साथ दिखे सामंथा-राज, घटे हुए वजन को देख चौंक गए फैंस



पिछले कुछ वक्त से एक्ट्रेस सामंथा रूथ का नाम डायरेक्टर राज निदिमोरु के साथ जोड़ा जा रहा है। हाल ही में दोनों को एक अवॉर्ड इवेंट में साथ देखा गया। इस मौके पर सामंथा के वेट लॉस ने फैंस का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया। सामंथा रूथ एक अवॉर्ड इवेंट में नजर आईं। इस मौके पर उनका लुक काफी चर्चा में रहा। साथ ही इसी इवेंट में कई सेलिब्रिटीज को देखा गया। सामंथा के रूमर्ड बॉयफ्रेंड और डायरेक्टर राज निदिमोरु भी यहां मौजूद दिखे। इवेंट के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। एक वीडियो में सामंथा को राज निदिमोरु गले लगाते हुए दिखे। सामंथा कुछ लोगों से राज की मुलाकात करवाती हैं। दोनों काफी देर तक बातें करते हैं। सामंथा राज के साथ काफी खुश नजर आ रही हैं।

सामंथा रूथ जिस इवेंट में पहुंचीं उसमें कई और सेलेब्स भी दिखाई दिए। इस लिस्ट में 'बिग बॉस 18' फेम यामिनी मल्होत्रा, सिंगर कनिका कपूर, एक्ट्रेस जॉर्जिया एंड्रियानी, शामिल रही हैं। इन सभी के ग्लैमरस लुक ने अवॉर्ड नाइट की रौनक बढ़ा दी। सीरीज 'मानवत मर्डर्स' के लिए सोनाली कुलकर्णी को बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। इस सीरीज में उन्होंने एक नेगेटिव रोल किया था। मुंबई में शनिवार रात इंडियन स्ट्रीमिंग एकेडमी अवॉर्ड हुए, जहां बॉलीवुड, टीवी जगत की कई हस्तियां नजर आईं।

### भोजपुरी

## 'टीवी वाली बीवी' बनी आम्रपाली पोस्टर देख उत्साहित हुए दर्शक



भोजपुरी एक्ट्रेस आम्रपाली दुबे एक और नई फिल्म लेकर आ रही हैं। उसका नाम है 'टीवी वाली बीवी', जिसका फर्स्ट पोस्टर रिलीज हुआ है। उसमें वह पति के कंधों पर सवार दिखाई दे रही हैं। भोजपुरी सिनेमा में कई अदाकारा हैं, जिनकी एक्टिंग फैंस का दिल जीत लेती है, लेकिन आम्रपाली दुबे अपनी फिल्मों और एक्टिंग के साथ-साथ अपने स्टाइलिश अंदाज के लिए भी जानी जाती हैं। एक्ट्रेस अपने स्टाइलिश लुक से फैंस को मंत्रमुग्ध कर देती हैं, और बाकी की कसर एक्ट्रेस की सामाजिक फिल्में पूरी कर देती हैं। अभी तक एक्ट्रेस की फिल्म साइकिल वाली दीदी का शानदार ट्रेलर फैंस के दिलों से उतरा नहीं है कि अब आम्रपाली ने अपनी नई फिल्म का पोस्टर रिलीज कर फैंस का दिल जीत लिया है।आम्रपाली दुबे ने सोशल मीडिया के जरिए फैंस को नई फिल्म के पोस्टर की जानकारी दी है। आम्रपाली ने अपनी नई फिल्म का पोस्टर रिलीज किया है जिसका नाम है- टीवी वाली बीवी। पोस्टर में एक्ट्रेस टीवी के बड़े से फ्रेम के अंदर दिख रही हैं और टीवी के फ्रेम को उनके ऑनस्क्रीन पति ने अपने कंधों पर उठा रखा है। फिल्म का पोस्टर काफी प्रॉमिसिंग है। पोस्टर देखने के बाद फैंस फिल्म के ट्रेलर को देखने के लिए बेताब हैं।

बात अगर फिल्म की करें तो फिल्म को डायरेक्ट इश्तियाक शेख बंटी कर रहे हैं। डायरेक्टर ने फिल्म का पहला पोस्टर शेयर कर कैप्शन में लिखा, 'नवरात्रि के शुभ मौके पर हमारी फिल्म टीवी वाली बीवी का पहला लुक आपके साथ शेयर कर रहा हूं।' बता दें कि फिल्म के निर्माता संदीप सिंह, पंकज तिवारी और चंद्रभानु रमन हैं, जबकि फिल्म की कहानी अरविंद तिवारी ने लिखी है। वर्क फ्रंट की बात करें तो 10 दिन पहले आम्रपाली दुबे की लेटेस्ट फिल्म 'साइकिल वाली दीदी' का ट्रेलर रिलीज हुआ है।

### एशियन जलवा

लाइफ स्टाइल

"एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिज़ाइन (एआईएफडी) ने दुनिया के अलग-अलग मुल्क में अपनी फैशन अभिरूचियों को लेकर नए आयाम तय किए हैं। एआईएफडी की की पेशकश 'फैशन ओडिसी' को दुनिया भर में सराहना मिल रही है। जिसमें दुनिया भर के फैशन डिजाइनर अपने कलेक्शन भी प्रदर्शित कर रहे हैं।



## वैक्सिंग करने के बाद करें ये काम, लंबे समय तक त्वचा रहेगी साफ



वैक्सिंग के बाद, त्वचा का खासतौर से ख्याल रखना चाहिए। अगर आप स्किन को किसी तरह के डिस्कम्फर्ट से बचाना चाहती हैं, तो आपको कुछ बातों का ध्यान देना चाहिए। अच्छे लोशन लगाने से लेकर सही कपड़े पहनने तक वैक्सिंग के बाद आपको अन्य किन बातों का ख्याल रखना चाहिए, आइए जानें।

### वैक्सिंग के बाद माइल्ड क्लींजर से करें त्वचा को साफ

वैक्सिंग के बाद त्वचा में थोड़ी-सी खुजली होना सामान्य है। क्या आप स्किन को स्क्रैच करने लगती हैं? या बार-बार गंदे हाथों से हाथ-पैरों को छूती हैं? ऐसा बिल्कुल न करें। वैक्सिंग के बाद किसी तरह के इंफेक्शन से बचने के लिए ऐसा नहीं करना चाहिए। इसके अलावा हमेशा एक माइल्ड, फ्रैगरेंस फ्री क्लींजर से त्वचा को साफ करें और त्वचा पर यदि वैक्स छूट गई है, तो उसे साफ करें।

### वैक्सिंग के बाद ढीले कपड़े पहनें

फिटेड कपड़े पहनना गलत नहीं है, बस आपको वैक्सिंग के बाद टाइट और फिटेड कपड़े नहीं पहनने चाहिए। इससे आपकी त्वचा पर फ्रिक्शन होगा और हाथ या पैर में जलन या रैशेज पड़ सकते हैं। वैक्सिंग के बाद ढीले कपड़े पहनें। इससे त्वचा को सांस लेने में मदद मिलेगी और डिस्कम्फर्ट या अक्सर होने वाली इनग्रोन हेयर की समस्या नहीं होगी। असुविधाजनक घर्षण और जलन से बचने के लिए वैक्स के बाद कुछ दिनों के लिए बैगी यानी ढीले कपड़े ही पहनें।

### वैक्सिंग के बाद ठंडे पानी से नहाएं

हॉट बाथ लेना या स्टीम रूम में बैठना आपको भी अच्छा लगता होगा। मगर एक चीज का ध्यान रखें कि वैक्सिंग के बाद हॉट बाथ नहीं लेना चाहिए। गर्म पानी से त्वचा में जलन पैदा हो सकती है। वैक्सिंग के तुरंत बाद ठंडे पानी से नहाएं या ठंडे पानी से त्वचा को साफ करें। इससे जलन कम होगी और त्वचा को आराम मिलेगा। इसके अतिरिक्त पूल या बीच में जाने से भी बचें। इस तरह से आप इंफेक्शन भी बच जाएंगी।

### वैक्सिंग के बाद एलोवेरा जेल या सूदिंग लोशन लगाएं

अगर वैक्सिंग के बाद आपकी त्वचा लाल हो जाती है, तो उसे पहले शांत करें। किसी भी तरह का मेकअप या केमिकल युक्त क्रीम न लगाएं। इससे जलन बढ़ सकती है। अपने हाथ और पैरों में कोई सूदिंग-सा लोशन लगाएं। अगर आपके पास एलोवेरा जेल है, तो उससे अच्छा विकल्प नहीं हो सकता है। एलोवेरा जेल (एलोवेरा जेल लगाने के फायदे) इरिटेटेड स्किन को शांत करता है।


## स्टाइलिश बनने की चाह है तो देखें फुल घेरे वाले सूट डिजाइंस





लगभग हर एक दिन हम सूट पहनना पसंद करते हैं और इसके कई डिजाइंस भी आपको कई मिल जाएंगे। वहीं लेटेस्ट फैशन ट्रेंड की बात करें तो आजकल एक्सपेरिमेंटल फैशन का दौर चल रहा है, जिसे हम जैसे कई लोग काफी पसंद भी कर रहे हैं।

दौर की बात करें तो आजकल फुल घेरे वाले सूट को काफी पसंद किय जा रहा है। अगर आप भी अपने सूट लुक को थोड़ा स्टाइलिश बनाना चाहती हैं तो हम आपको दिखाने वाले हैं फुल घेरे वाले सूट के लेटेस्ट डिजाइंस, जिन्हें आप रोजाना से लेकर किसी छोटे-बड़े फंक्शन के लिए स्टाइल कर सकती हैं और अपने लुक में चार चांद लगा सकती हैं। साथ ही बताएंगे इन लुक्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स।



### नायरा कट सूट डिजाइन

मार्केट में आजकल इस तरह के नायरा कट काफी चलन में नजर आ रहे हैं। इस सूट को डिजाइनर गोपी वैद ने डिजाइन किया है। इस तरह का मिलता-जुलता सूट आपको मार्केट में लगभग 800 रुपये से लेकर 1500 तक में आसानी से मिल जाएगा। इस तरह के सूट के साथ आप बालों के लिए वेवी ओपन हेयर स्टाइल चुनें और पर्ल ज्वेलरी को स्टाइल करें।

### अनारकली स्टाइल सूट डिजाइन

अनारकली सूट का चलन एवरग्रीन रहता है। इस कलीदार सूट को डिजाइनर ड्रिजी ऋद्धि सूरी द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह का मिलता-जुलता सूट आपको मार्केट में लगभग 1000 रुपये से लेकर 2000 रुपये में मिल जाएगा। इस तरह के सूट के साथ आप हैवी झुमकी इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं। साथ ही बालों के लिए आप स्लीक बन हेयर स्टाइल या ओपन हेयर स्टाइल को चुनें।

## दमकती त्वचा पाने करें हल्दी का इस्तेमाल हर कोई पूछेगा आपके ग्लो की वजह



दमकती त्वचा पाने के साथ आप हल्दी के नियमित इस्तेमाल से चेहरे की कई परेशानियों से छुटकारा पा सकते हैं। वर्षों से त्वचा की देखभाल में हल्दी का इस्तेमाल किया जा रहा है। हल्दी में ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। ऐसे में अगर आप दमकती त्वचा पाना चाहते हैं तो हल्दी का इस्तेमाल कर सकते हैं। आइए आपको इसके इस्तेमाल का सही तरीका बताते हैं।

### त्वचा को चमकाएं हल्दी और चंदन

अगर आपके चेहरे पर काफी ज्यादा एक्ने की समस्या है तो आप हल्दी में गुलाबजल, चंदन पाउडर और शहद मिलाकर इसका फेसपैक बना सकते हैं। ये चेहरे का ग्लो बरकरार रखने में काफी फायदेमंद रहता है।

### हल्दी और दही

त्वचा को चमकाने के लिए आप हल्दी में ताजी दही और बेसन के साथ मिलाकर फेस पैक बनाएं। इस पैक को चेहरे पर लगाकर तब तक के लिए छोड़ दें, जब तक ये सूख ना जाए। पैक सूख जाने पर गुनगुने पानी से चेहरे को धो लें। ये पैक चेहरे के दागों को मिटाने का काम करता है।

### दूध और हल्दी

अगर आप बढ़ती उम्र को रोकना चाहते हैं तो दूध और हल्दी का फेसपैक बना सकते हैं। इस पैक को बनाने के लिए 3 चम्मच दूध में एक चौथाई चम्मच हल्दी को मिक्स कर लें। अब इस पैक से चेहरे पर मसाज करें। जब दूध सूख जाए तो 10 मिनट के बाद चेहरे को धो लें। अगर आपकी आंखों के नीचे काले घेरे हो गए हैं तो हल्दी को चावल के आटे, टमाटर का रस और कच्चे दूध के साथ मिलाकर पैक तैयार करें।

## नोज रिंग के ये लेटेस्ट डिजाइंस आपके लुक को बनाएंगे खास

स्टाइलिश दिखने के हम क्या-कुछ नहीं करते हैं और इसके लिए हम आए दिन लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के हिसाब से अपने लुक को स्टाइल करते हैं। किसी भी लुक को स्टाइल करने के लिए ज्वेलरी का रोल अहम होता है और नए डिजाइंस के लिए अक्सर हम सेलिब्रिटीज के लुक्स को रीक्रिएट करते हैं। सेलिब्रिटीज की बात करें तो आजकल एक्ट्रेस आलिया भट्ट के पहने हुए नोज रिंग आजकल सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहे हैं। इसलिए आज बात आलिया भट्ट के पहने हुए नोज रिंग्स की, जो आपको मार्केट में कम से कम दामों में आसानी से मिल जाएंगे। साथ ही बताएंगे इन नोज रिंग्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स।

### सिंपल रिंग स्टाइल नोज पिन

आलिया ने मूवी में कई तरीके की नोज पिन को कैरी किया है। वहीं इन सबके बीच आलिया ने सिंपल सी नोज रिंग को स्टाइल किया है। इस तरह की नोज पिन आप वेस्टर्न से लेकर इंडो-वेस्टर्न या ट्रेडिशनल वियर के साथ भी कैरी कर सकती हैं। अगर आपकी नोज पियर्सिंग नहीं हो रखी है तो भी आपको इसमें मार्केट से कई ऑप्शन आसानी से मिल जाएंगे।

### सिंगल स्टोन नोज रिंग



अगर आप ज्यादा बड़े साइज की नोज पिन को कैरी नहीं करना चाहती हैं तो आलिया भट्ट की पहनी हुई इस सिंपल सी स्टोन वाली नोज रिंग की तरह दिखने वाला कोई डिजाइन खरीद सकती हैं। इसमें आपको को डिजाइन व कलर ऑप्शन देखने को आसानी से मिल जाएंगे।

### बोहो स्टाइल नोज रिंग

इस तरह की नोज रिंग खासकर गोल चेहरे पर खूबसूरत नजर आती है। बता दें कि इस तरह की मिलती-जुलती नोज रिंग आपको मार्केट में लगभग 50 रूपये से लेकर 150 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी। इस तरह की नोज पिन को आप वेस्टर्न से लेकर ट्रेडिशनल वियर तक के साथ कैरी कर सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

**पुरुषों को ज्वेलरी पहनने का है शौक तो ऐसी गलतियां कभी मत कीजिए**

## ज्वेलरी पहनने का शौक है तो झिझक छोड़िए और अपनाइए स्टाइल, परफेक्ट लुक के लिए टिप्स जानें

आप ज्वेलरी कम ही पहनते हैं। कभी चेन या फिर अंगूठी। लेकिन कई पुरुष ऐसे हैं जो अब ज्वेलरी पहनना पसंद करते हैं। उन्हें कान में इयररिंग भी चाहिए और हाथ में ब्रेसलेट भी। लेकिन जब भी ज्वेलरी पहनने का मन करे तो कुछ बातें याद रखिएगा। ये वो बातें हैं जो खूब सारी ज्वेलरी में भी आपका मेस्क्युलिन लुक मेनटेन रखेंगी। बस जब भी ज्वेलरी में लुक को परफेक्ट नंबर चाहिए हों तो इन्हें न भूलिए।

आपको भी ज्वेलरी पहनना पसंद है? लेकिन लोग क्या कहेंगे? सोचते रहते हैं तो आप गलत कर रहे हैं। आपको बस कुछ टिप्स याद रखने हैं फिर आप आसानी से ज्वेलरी वाला लुक अपना सकते हैं।

ज्यादातर भारतीयों का आज भी यही मानना है कि पुरुष ज्वेलरी नहीं पहनते हैं। जबकि अब वो समय है जब फैशन के नियम भी लोग खुद बना रहे हैं।

ऐसे में पुरुष ज्वेलरी नहीं पहनते हैं सोच कर ये प्लान न ड्रॉप कीजिए बल्कि मन के हिसाब से ज्वेलरी पहनिए लेकिन पूरे आत्मविश्वास के साथ।



ये आत्मविश्वास पाने का एक तरीका ये भी है कि आप स्टोर पर जाकर ज्वेलरी ट्राई करें। पहनकर खुद को देखें और अपनी पार्टनर से भी व्यू लें। इस तरह से ज्वेलरी पहनने का आत्मविश्वास आ जाएगा। बस शुरू में ज्वेलरी लुक को बिलकुल सिंपल रखें।

आपको ये पता होना चाहिए कि कितनी ज्वेलरी को ज्यादा ज्वेलरी कहा जाएगा। इसलिए ज्वेलरी उतनी पहनिए, जितनी 'ज्यादा हो गया' वाले मामले में न आती हो।

क्योंकि याद रखिए कि ज्वेलरी भले ही आप सबसे आखिर में पहनते हैं लेकिन ये वो सबसे पहली चीज होती है जिस पर निगाहें जाती हैं। इसलिए इतनी भी न पहन लीजिए कि लोग ज्वेलरी से ही नजर न हटा पाएं फिर आपके बाकी लुक का क्या होगा।

हर चीज बैलेंस ही अच्छी लगती है, ये बात तो सब समझते हैं लेकिन हर काम को बैलेंस करना आसान नहीं होता है। मगर ज्वेलरी और लुक को आसानी से बैलेंस किया जा सकता है। आपको अपने पूरे लुक के हिसाब से ज्वेलरी पहननी होगी। ऐसा न हो कि आप सिर्फ गले पर ही खूब सारी चेन पहन लें। इस तरह से लुक बैलेंस नहीं होगा। इसके अलावा अगर आपको छोटे डायल की घड़ियां पसंद हैं तो दूसरे हाथ में बिलकुल भारी ब्रेसलेट कभी भी न पहनें। आपकी स्किन टोन कैसी है? बेस्ट लुक के लिए ज्वेलरी इसके हिसाब से भी चुनी जा सकती है। दरअसल हमारी स्किन किसी खास कपड़ों और मेटल में ही ज्यादा अच्छी लगती है। इसके लिए आपको तरह-तरह के मेटल ट्राई करने होंगे। ज्वेलरी चुनने के लिए आप ये तरीका अपना सकते हैं।

